हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 22 जनवरी 2026

06 सावरकर चौक से तालाबपुरा तक अतिक्रमण का कहर...



09 अदालत दे रही तारीख पर तारीख प्रशासन पत्र लिखकर...





## खबर संक्षेप

### अनुमति एवं वैध दस्तावेजों के बगैर चल रही फैक्ट्री को किया गया सील

**सागर।** रिहायशी क्षेत्र में अनुमति एवं वैध दस्तावेजों के बगैर चल रही फैक्ट्री को सील किया गया। विगत दिनों रहली में कल्पधाम कॉलोनी के निवासियों के द्वारा अनुविभागीय अधिकारी रहली कुलदीप पाराशर को सूचना दी गई थी कि कॉलोनी में प्लास्टिक की पानी की टंकी निर्माण की फैक्ट्री संचालित की जा रही है जिससे प्रदूषण फैल रहा है। शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करने मुख्य नगर पालिका अधिकारी रहली को जांच कर वैधानिक कार्यवाही करने निर्देशित किया गया। नगर पालिका रहली के दल द्वारा मौके पर जाकर जांच करने पर रिहायशी क्षेत्र में फैक्ट्री संचालन पाए जाने और कोई वैध दस्तावेज नहीं पाए जाने से मूकमाटी इंडस्ट्री नाम से संचालित फैक्ट्री को सील किया गया।

### बकायादारों पर कलेक्टर की सख्ती

**सागर।** जिले के राजस्व संग्रहण को लेकर कलेक्टर संदीप जी.आर. ने कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि जिले में राजस्व वसूली के लिए तत्काल एक विशेष अभियान शुरू किया जाए। कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि जो बड़े बकायादार लंबे समय से सरकारी देयकों का भुगतान नहीं कर रहे हैं, उनकी सूची अब सार्वजनिक की जाएगी। कलेक्टर ने तहसीलवार बकाया राशि की समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे केवल नोटिस तक सीमित न रहें। उन्होंने कहा कि यदि बड़े बकायादार राशि जमा करने में आनाकानी करते हैं, तो उनकी संपत्ति की कुर्की और बैंक खाते फ्रीज करने जैसी वैधानिक कार्रवाई की जाए। पारदर्शिता के उद्देश्य से अब बड़े बकायादारों के नाम सार्वजनिक स्थानों पर प्रदर्शित किए जाएंगे। कलेक्टर का मानना है कि इससे न केवल राजस्व में वृद्धि होगी, बल्कि जिले के विकास कार्यों को भी गति मिलेगी। उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को साप्ताहिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के आदेश दिए हैं।

### युवा संगम 29 जनवरी को

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर के मार्गदर्शन एवं निर्देशन मे जिला प्रशासन द्वारा युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग तथा सूक्ष्म,लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा संयुक्त रूप से युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 29 जनवरी को प्रातः 11 बजे से शासकीय संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आई.टी.आई सागर के परिसर में किया जा रहा है। आयोजित युवा संगम कार्यक्रम में रोजगार मेला तथा अप्रेंटिसशिप मेला के माध्यम से निजी क्षेत्र के प्रतिनिधियों द्वारा उपस्थित आवेदकों का साक्षात्कार लेकर चयन किया जावेगा। सूक्ष्म,लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी तथा ऋण उपलब्ध कराया जायेगा। आवेदकों कों साक्षात्कार के लिये रोजगार कार्यालय का पंजीयन,संमग्र आई डी, दो पासपोर्ट साइज के फोटो, शैक्षणिक योग्यता संबंधी प्रमाण पत्र अपने साथ आवश्यक रूप से लाये। कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा उपस्थित आवेदकों का साक्षात्कार के माध्यम से विभिन्न पदों के लिये चयन किया जावेगा।

### आयुष्मान कार्ड से निजी अस्पतालों में मुफ्त इलाज की सुविधा

**सागर।** राज्य शासन द्वारा प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना संचालित की जा रहीं है। जन आरोग्य योजना का लाभ लेकर अनेक लोग अब निजी अस्पतालों में अपना मुफ्त इलाज करा रहे है। पैसों के अभाव में निजी अस्पतालों में अपना इलाज नही करा पाने वाले हितग्राहियों के लिए आयुष्मान कार्ड वरदान साबित हुआ है। आयुष्मान कार्ड से लोगो को निजी अस्पतालों में भी अपना 5 लाख तक का मुफ्त इलाज कराने की सुविधा मिल रही है।

देवरी नगरपालिका अध्यक्ष के राइट टू रिकॉल चुनाव में ऐतिहासिक जीत

# देवरी की जनता ने पार्षदों के अविश्वास को नकारा नेहा को मिला जनादेश, 1197 मतों से जीत की दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरीकलां



देवरी नगरपालिका अध्यक्ष नेहा अलकेश जैन के विरूद्ध सत्तारूढ़ दल के लामबंद 13 पार्षदों के अविश्वास प्रस्ताव के बाद हुए राइट टू रिकॉल चुनाव में देवरी नगर के मतदाताओं ने अध्यक्ष के प्रति समर्थन व्यक्त कर पार्षदों के अविश्वास को नकार दिया। विगत 19 जनवरी को संपन्न हुए खाली कुर्सी भरी कुर्सी के चुनाव की आज हुई मतगणना में वर्तमान नगरपालिका अध्यक्ष नेहा अलकेश जैन ने 1197 मतों से ऐतिहासिक जीत दर्ज कर, तमाम कयासों को विराम लगाते हुए सियासी गलियारों में तूफान ला दिया।

विगत 19 जनवरी को हुए इस चुनाव में देवरी नगरपालिका क्षेत्र के 15 वार्डो के 30 मतदान केन्द्रों पर कुल 13 हजार 367 में से 7282 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया था। आज सुबह देवरी नगर के शासकीय नेहरू महाविद्यालय में संपन्न हुई ईव्हीएम मशीनों की मतगणना में। नेहा अलकेश जैन की भरी कुर्सी के पक्ष में 7282 एवं उनके विपक्ष में खाली कुर्सी के लिए 6085 मत पाये गये। इस प्रकार नेहा अलकेश जैन ने 1197 मतों से ऐतिहासिक जीत दर्ज कर देवरी नगर की जनता का जनादेश प्राप्त किया। इस चुनाव में सत्तारूढ़ दल भाजपा की साख दांव पर थी, भाजपा के स्थानीय संगठन द्वारा चुनाव जीतने के लिए तमाम प्रयास किये गये परंतु उन्हें पराजय का सामना करना पड़ा।

### जीत के बाद सड़कों से निकला विजय जुलूस

देवरी नगरपालिका अध्यक्ष पद पर वापिसी के बाद विजयी नेहा अलकेश जैन के समर्थन में नगर की मुख्य सड़कों से होकर जुलूस निकाला गया जिसमें हजारों की संख्या में लोग सड़कों पर निकले खुशियों का इजहार किया। देवरी जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि विनीत पटैरिया ने देवरी पहुँचकर विजयी नेहा अलकेश जैन को जीत की शुभकामनाऐं दी एवं देवरी नगर की जनता का अभार व्यक्त किया। जुलूस में विजयी अध्यक्ष के समर्थकों ने आतिशबाजी चलाई और जमकर नारेबाजी की देवरी नगर की जनता आभार व्यक्त किया। इस मौके पर विजयी अध्यक्ष पैदल घरों और दुकानों में पहुँची और मतदाताओं को धन्यवाद ज्ञापित किया, नगर में कई स्थानों पर महिला मतदाताओं ने उनकी आरती उतारी और पुष्पहार पहनाकर और शाल श्रीफल भेंट कर सत्कार किया।

### जनता ने चुनाव लड़ा और देवरी में विकास जीताः नेहा अलकेश

इस अवसर पर पत्रकारों से बात करते हुए नेहा अलकेश जैन ने कहा कि ये चुनाव देवरी नगर की जनता का चुनाव था, देवरी नगर की जनता ने यह चुनाव लड़ा और नगर के विकास और सुरक्षित भविष्य के पक्ष में जमकर मतदान किया। उन्होने कहा कि नगर की जनता काम चाहती है, हम सभी को मिलकर काम करने की जरूरत है, मैं चाहती हूं कि राजनीति के लिए नगरहित और जनता के काम नही रोके जाना चाहिए। इस मौके पर उनके पति और अध्यक्ष प्रतिनिधि अलकेश जैन ने कहा कि देवरी की जनता ने हम पर जो भरोसा जताया है, उस पर खरा उतरना हमारे लिए चुनौती है। हम जनता की भावनाओं के अनुरूप कार्य करेंगे और देवरी नगर को एक आदर्श नगर बनायेंगे। नेहा अलकेश जैन ने शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष निर्वाचन के लिए प्रशासन एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों को आभार प्रदर्शन करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।



## गोपाल जी क्रिकेट टूर्नामेंट कप गढ़ाकोटा क्रिकेट के.बी इलेवन टीम ने जीता

**गढ़ाकोटा।** सागर जिले के गढाकोटा के दशहरा मैदान में युवा जागृति संगठन के तत्वावधान में गोपाल जी कप 2025 का समापन मंगलवार को हुआ। जिसमें गढ़ाकोटा एवं गिरवर के मध्य खेला गया, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए गढ़ाकोटा कि के.बी इलेवन टीम ने विजय प्राप्त की। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के अभिषेक भार्गव ने विजेता टीम को 51 हजार रुपए एवं कप व उपविजेता टीम को 21 हजार रुपए एवं कप देकर पुरस्कृत किया। इस अवसर पर भार्गव ने कहा कि यह आयोजन युवाओं में खेल भावना, अनुशासन एवं टीम वर्क को प्रोत्साहित करने की दिशा में सराहनीय पहल है। कार्यक्रम की अध्यक्षता नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी ने की। आयोजक सगीर कुरैशी ने अतिथियों का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। इस अवसर पर नगर के जनप्रतिनिधिगण,पदाधिकारीगण तथा खेल प्रेमी उपस्थित रहे।



## गढ़ाकोटा में श्रीमद् संगीतमय भागवत महापुराण कथा का तृतीय दिवस श्रद्धा व भक्ति से संपन्न

**गढ़ाकोटा।** सागर जिले के सिद्ध क्षेत्र पटेरिया जी रोड पर आयोजित श्रीमद् संगीतमय भागवत महापुराण कथा के तृतीय दिवस का आयोजन अत्यंत श्रद्धा, भक्ति एवं आध्यात्मिक उल्लास के वातावरण में सम्पन्न हुआ। कथा का वाचन सुविख्यात कथा वाचक पंडित श्री नारायण प्रसाद शास्त्री जी के पावन मुखारविंद से किया जा रहा है, जिनकी ओजस्वी वाणी एवं संगीतमय प्रस्तुति से संपूर्ण कथा स्थल भक्तिरस में सराबोर हो उठा। तृतीय दिवस की कथा के अवसर पर कथा स्थल पर परम पूज्य महामंडलेश्वर श्री हरिदास जी महाराज (जगदीश शाला मंदिर, गढ़ाकोटा) तथा गूदर शाला के महंत श्री कमलापति दास जी महाराज का शुभ एवं गरिमामय आगमन हुआ। दोनों संत महापुरुषों के आगमन से कथा स्थल की शोभा और अधिक बढ़ गई तथा उपस्थित श्रद्धालुओं में अपार हर्ष एवं उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर दोनों संतों ने व्यासपीठ एवं आयोजकों को अपना पावन आशीर्वाद प्रदान किया। साथ ही उपस्थित सैकड़ों श्रद्धालुओं को आशीर्वचन देते हुए धर्म,भक्ति और सदाचार के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। श्रद्धालुओं ने संतों के दर्शन कर स्वयं को धन्य महसूस किया। पंडित श्री नारायण प्रसाद शास्त्री जी ने तृतीय दिवस की कथा में भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं, भक्त प्रह्लाद एवं ध्रुव चरित्र जैसे प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया। संगीतमय कथा, भजन एवं कीर्तन के माध्यम से श्रोतागण भाव-विभोर हो उठे और "हरि-हरि" के जयघोष से संपूर्ण वातावरण गूंजायमान हो गया। कथा आयोजन समिति एवं नगरवासियों ने आए हुए संतों का पुष्पहार, शाल एवं श्रीफल से सम्मान किया। कार्यक्रम के अंत में महाआरती का आयोजन किया गया,जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने सहभागिता की। कथा का आयोजन आगामी दिनों तक निरंतर जारी रहेगा,जिसमें प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर धर्मलाभ प्राप्त कर रहे हैं।

## नितिन नवीन के युवा दृष्टिकोण, संगठनात्मक कौशल और राष्ट्रप्रेम से पार्टी नई ऊंचाईयों को छुएगी : भूपेंद्र



**सागर।** मध्य प्रदेश के पूर्व गृह मंत्री एवं वरिष्ठ विधायक भूपेंद्र सिंह ने भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन को हृदय से बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा है कि नितिन नवीन के युवा दृष्टिकोण, संगठनात्मक कौशल एवं राष्ट्र प्रेम से पार्टी नई ऊंचाईयों को छुएगी। पूर्व गृहमंत्री सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद पर नितिन नवीन का निर्वाचन पार्टी के आंतरिक लोकतंत्र की जीवंत मिसाल है तथा करोड़ों कार्यकर्ताओं का सम्मान है। भाजपा ऐसी एकमात्र लोकतांत्रिक पार्टी है जहां जमीनी स्तर का साधारण कार्यकर्ता कठोर परिश्रम, निष्ठा एवं राष्ट्रभक्ति के बल पर राष्ट्रीय अध्यक्ष जैसे सर्वोच्च पद तक पहुंच सकता है। नितिन नवीन का सफर पटना की गलियों से शुरू होकर दिल्ली के पार्टी मुख्यालय तक पहुंचा है। मात्र 45 वर्ष की आयु में वे पार्टी के सबसे युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष बनकर इतिहास रच रहे हैं। भाजपा में पद जन्म से नहीं मिलते बल्कि कार्य, निष्ठा एवं समर्पण से अर्जित होते हैं। यह निर्वाचन हर उस कार्यकर्ता के लिए प्रेरणा है जो सुबह-शाम पार्टी के झंडे तले खड़ा रहता है। भूपेंद्र सिंह ने युवा पीढ़ी से अपील की है कि आज का भारत युवाओं का भारत है। भाजपा जैसे मंच पर आइए, अपनी ऊर्जा, जोश एवं सपनों को राष्ट्र निर्माण में लगाइए। नितिन नवीन एक सामान्य परिवार से निकलकर बिना किसी बड़ी पृष्ठभूमि के अपनी मेहनत से इस मुकाम तक पहुंचे हैं, आप भी ऐसा कर सकते हैं। राजनीति में प्रवेश कर बदलाव लाइए और विकसित भारत के सपने को साकार करने में योगदान दीजिए।सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वयं घोषणा की कि अब नितिन उनके बॉस हैं। यह भाजपा की संस्कृति है जहां नेता कार्यकर्ता के प्रति जवाबदेह होता है। नितिन नवीन के युवा दृष्टिकोण, संगठनात्मक कौशल एवं राष्ट्रप्रेम से पार्टी नई ऊंचाइयों को छुएगी। उनके नेतृत्व में भाजपा और मजबूत होकर राष्ट्र सेवा के नए आयाम स्थापित करेगी तथा विकसित भारत के संकल्प को पूरा करेगी।

## आपकी महापौर आपके द्वार एवं जनचौपाल का 10वां शिविर अंबेडकर वार्ड में संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर




नगर निगम सागर द्वारा नागरिकों की मूलभूत समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु संचालित "आपकी महापौर आपके द्वार एवं जन चौपाल" के अंतर्गत 10 वां शिविर अंबेडकर वार्ड में संविधान चौक पर आयोजित किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में वार्डवासियों ने सहभागिता कर अपनी समस्याएं दर्ज कराईं, जिनके निराकरण की कार्रवाई मौके पर ही की गई। महापौर संगीता तिवारी ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य नागरिकों को छोटी-बड़ी समस्याओं के समाधान हेतु नगर निगम कार्यालय के चक्कर न लगाने पड़ें। शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं से वंचित पात्र नागरिकों को लाभ दिलाने के लिए तत्परता से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने नागरिकों से अपने वार्ड को स्वच्छ रखने और स्वच्छ सर्वेक्षण के अंतर्गत नगर निगम का सहयोग करने की अपील की। इस अवसर पर महापौर संगीता सुशील तिवारी ने संविधान चौक पर बाबा साहेब डॉ भीम राव अम्बेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया।

महापौर प्रतिनिधि डॉ. सुशील तिवारी ने कहा कि शिविरों के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं और नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान हो रहा है। उन्होंने कहा कि निम्न वर्ग एवं मध्यम वर्ग के व्यक्ति रोजमर्रा के कार्यों के कारण नगर निगम नहीं पहुंच पाते हैं इसलिए एम आई सी ने तय किया कि महापौर वार्डों में जाकर छोटी-छोटी समस्याओं का निराकरण कराने एवं शासन की जनकल्याण कारी योजनाओं का लाभ दिलाने की कार्रवाई मौके पर ही कराएंगी। उन्होंने कहा कि विशाल खटीक अंबेडकर वार्ड के जागरूक पार्षद हैं वे हमेशा ही जनता की समस्याओं के लिए नगर निगम आकर निराकरण करवाते हैं। शिविर में वृद्धावस्था पेंशन एवं कल्याणी पेंशन, संबल कार्ड, समग्र आईडी, राशन पर्ची, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रकाश, स्ट्रीट लाइट, अतिक्रमण, लोककर्म, राजस्व विभाग अंतर्गत संपत्ति कर, जलकर,कचरा प्रबंधन शुल्क की राशि जमा की गई तथा आवेदनों को संबंधित विभागों को सौंपकर समय-सीमा में निरा करण के निर्देश दिए गए।

## गणतंत्र दिवस पर शासकीय भवनों व ऐतिहासिक स्थलों को रोशनी व्यवस्था हेतु निर्देश

**सागर।** गणतंत्र दिवस 26 जनवरी के उपलक्ष्य में समस्त शासकीय भवनों एवं राष्ट्रीय एवं ऐतिहासिक महत्व के स्थलों पर विशेष रोशनी की व्यवस्था की जाएगी। इस संबंध में निर्देश जारी किए गए हैं। निर्देशानुसार 25 एवं 26 जनवरी को रात्रि के समय सभी शासकीय भवनों तथा महत्वपूर्ण ऐतिहासिक स्थलों को प्रकाश व्यवस्था से सजाया जाएगा, इस व्यवस्था पर होने वाला समस्त व्यय संबंधित प्रशासकीय विभाग द्वारा अपने-अपने विभागीय बजट से वहन किया जाएगा।

## कलेक्टर का बड़ा निर्णय, स्कूल-कॉलेजों में विशेष शिविर लगाकर बनाए जाएंगे जाति प्रमाण पत्र

**सागर।** जिले के आम नागरिकों, विशेषकर छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों के लिए राहतकारी पहल करते हुए कलेक्टर संदीप जी.आर. ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि अब जाति प्रमाण पत्र बनवाने के लिए विद्यार्थियों को तहसील कार्यालय अथवा लोक सेवा केंद्रों में जाने की आवश्यकता नहीं होगी। प्रशासन द्वारा स्कूलों एवं महाविद्यालयों में विशेष शिविर आयोजित कर जाति प्रमाण पत्र बनाए जाएंगे। कलेक्टर संदीप जी.आर. ने बताया कि छात्रवृत्ति योजनाओं एवं उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश के समय जाति प्रमाण पत्र की आवश्यकता होती है। दूरस्थ एवं ग्रामीण अंचलों के विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र बनवाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, जिससे उनकी पढ़ाई भी प्रभावित होती है। इस पहल से विद्यार्थियों को उनके शैक्षणिक संस्थानों में ही यह सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। कलेक्टर ने बताया कि शिविरों में राजस्व विभाग एवं शिक्षा विभाग की संयुक्त टीमें उपस्थित रहेंगी। विद्यालय एवं महाविद्यालय प्रबंधन को निर्देशित किया गया है कि वे पूर्व से ही विद्यार्थियों से आवेदन एवं आवश्यक दस्तावेज संकलित करें। प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करते हुए शीघ्र डिजिटल हस्ताक्षरित जाति प्रमाण पत्र जारी किए जाएंगे।

## कृषि विज्ञान केंद्र की ओर से किसानों को दी सलाह

**सागर।** कृषि विज्ञान केंद्र की ओर से किसानों को गेहूं की फसल में होने वाले पोषक तत्वों की कमी से होने वाले रोगों के रोकथाम के संबंध में जानकारी दी। वर्तमान समय में गेहूं की फसल में पीलापन एवं पत्तियों पर धब्बे बनने के लक्षण बड़ी संख्या में देखे जा रहे हैं। यह समस्या सागर जिले में व्यापक रूप से सामने आ रही है तथा अन्य जिलों से भी इसी प्रकार की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं। इस संबंध में कृषि विज्ञान केंद्र, सागर की ओर से सभी किसानों के मार्गदर्शन हेतु यह जानकारी दी जा रही है कि गेहूं की पत्तियों पर दिखाई देने वाला पीलापन अथवा धब्बे प्रायः द्वितीयक पोषक तत्वो एवं सूक्ष्म पोषक तत्वों (जिंक, आयरन, मैंगनीज आदि) की कमी के कारण परिलक्षित हो रहे हैं। द्वितीयक पोषक तत्वों की पूर्ति हेतु रासायनिक उर्वरकों का छिड़काव करें। प्रति एकड़ 150 लीटर पानी का उपयोग अवश्य करें। छिड़काव प्रातः या सायंकाल के समय ही करें। यदि एक बार छिड़काव से लक्षण पूरी तरह समाप्त न हों, तो 10 दिन बाद पुनः छिड़काव करें।



## डॉ. हरीसिंह गौर विवि लोकतांत्रिक शिक्षक संघ की अंतरिम कार्यकारिणी का गठन

**सागर।** डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर में लोकतान्त्रिक शिक्षक संघ के गठन हेतु शिक्षकों की एक आमसभा आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय लोकतांत्रिक शिक्षक संघ की अंतरिम कार्यकारिणी के गठन, शिक्षक संघ की नियमावली एवं पंजीकरण की प्रक्रिया पर चर्चा कर सर्वसम्मति से सहमति व्यक्त की। शिक्षक सदस्यों ने चर्चा के दौरान यह भावना व्यक्त की कि विश्वविद्यालय में लोकतांत्रिक विचारों और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में आस्था रखने वाले एक मजबूत शिक्षक संगठन की कई वर्षों से आवश्यकता महसूस की जा रही थी। अब यह कमी पूरी हो गई है। उपस्थित सदस्यों ने शिक्षक संघ की नियमावली पर विस्तारपूर्वक चर्चा की और बहुमूल्य सुझाव दिये। सुझाव उपरान्त संशोधन को स्वीकार किया गया। सर्वसम्मति से पंजीकरण प्रक्रिया को संपन्न कराने के लिए अंतरिम अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, संयुक्त सचिव, कोषाध्यक्ष एवं अंतरिम कार्यकारिणी सदस्यों का चयन भी किया गया। हिन्दी विभाग के प्रो. राजेन्द्र यादव को अंतरिम अध्यक्ष, प्रो. रत्नेश दास को उपाध्यक्ष, डॉ. संजय शर्मा को सचिव, डॉ. अनूपी समैया एवं डॉ. नीरज उपाध्याय को संयुक्त सचिव, डॉ. रंजीत रजक को कोषाध्यक्ष, अंतरिम कार्यकारिणी सदस्यों के रूप में प्रो. सुशील काशव, डॉ. विवेक साठे, डॉ. दीपाली जाट, डॉ. वेंकटमुनि रेड्डी, डॉ. गौतम प्रसाद एवं डॉ. सुनीत वालिया, डॉ.बृजेश कुमार मौर्या, डॉ. रमाकांत को चुना गया।

बसंती पंचमी पर होता है ध्वजारोहण और पूजन

# गढ़ाकोटा का रहस मेलाः महाराज छत्रसाल के पौत्र ने की थी शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ गढ़ाकोटा



बुंदेलखंड सहित प्रदेश के प्रसिद्ध रहस मेला अपनी ऐतिहासिक, संस्कृतिक, धार्मिक और व्यापारिक महत्व के लिए दूर-दूर तक प्रसिद्ध है। इसकी शुरुआत 18वीं शताब्दी में राजा मर्दन सिंह जूदेव ने की थी। सागर जिले के गढ़ाकोटा में सुनार नदी के किनारे भव्य मेले का आयोजन किया जाता है। बसंत पंचमी पर ध्वजारोहण पूजन के साथ शुरू होकर होली तक यह मेला चलता है। होली से पहले होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान मेले को अपने पूरे शबाब पर देखा जाता है। लोक नृत्य के दौरान कई गांव के लोग हजारों की संख्या में यहां पर पहुंचते हैं। एक समय वह भी आया था जब धीरे-धीरे यह मेल अपना अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रहा था ऐसे में 2003 के बाद से इस मेले को क्षेत्रिय विधायक गोपाल भार्गव ने नए आयाम दिए। इसके बाद यह अपने पुराने रंग में वापस लौटा है।

ऐतिहासिक महत्व को लेकर इतिहासकार एवं शासकीय महाविद्यालय गढाकोटा में पदस्थ रहे सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉ श्याम मनोहर पचौरी बताते हैं कि बुंदेलखंड पर महाराजा छत्रसाल का आधिपत्य था 1703 में छत्रसाल के बेटे हृदय शाह ने इस किले पर अपना अधिकार जमाया। हृदय शाह को इस स्थान से गहरा लगाव था, मृत्यु के बाद उनके बेटे पृथ्वीराज ने पेशवा की सहायता से इसको हथिया लिया। सन 1785 में मर्दन सिंह गद्दी के उत्तराधिकारी हुए वह एक चतुर शासक थे गढ़ाकोटा और उसके आसपास उन्होंने सुंदर भवन बनवाए। इसके अलावा उन्होंने अपनी प्रजा के लिए और भी कई कार्य ऐसे किए जो काफी चर्चित हुए। इन्हीं में से एक सन 1809 में एक मेले की शुरुआत की थी। इसका उद्देश्य धार्मिक, सांस्कृतिक के साथ व्यवसायक महत्व देना था। आसपास के लोग यहां पर लघु और कुटीर उद्योगों को बना हुआ माल बेचते थे, मेला भरने के के दौरान शुक्रवार को यह अपने पूर्ण रूप में आता था। मेला धीरे-धीरे बड़ा स्वरूप प्राप्त करने लगा। यहां पर अच्छी नस्ल के पशुओं के लिए यह मेला पहचान बन गया। अच्छी नस्ल के जानवरों में घोड़ा, गाय, बैल,भैंस, बकरी आदि के लिए इसकी पहचान बन गई।

## खबर संक्षेप

### जखौरा पुलिस ने आत्महत्या के दुष्प्रेरण के दो अभियुक्त पकड़े

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में, एएसपी कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान में जखौरा पुलिस द्वारा पंजीकृत मु.अ.सं. 15/2026 धारा 108 बीएनएस में नामजद थाना पाली के ग्राम डुगरिया व हाल जैरवारा निवासी रतिराम सहरिया पुत्र सुकलाल व अवधरानी उर्फ आलोप पत्नी रतिराम सहरिया को हिरासत में लिया है। दोनों को पकडऩे वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार बैस, निरीक्षक मुनेश भारती, उ.नि.मूलचन्द्र यादव, हे.का.सतीश कुमार, म.हे.का.जागृती आदि मौजूद रहे।

### 26 जनवरी को मनाया जाएगा विराट हिन्दू सम्मेलन

**ललितपुर।** विराट हिंदू सम्मेलन आयोजित करने के संबंध में शिवाजी बस्ती की बृहद बैठक प्रांत कार्यवाह रामकेश के मुख्य आतिथ्य में एवं कार्यक्रम संयोजक कौशल किशोर गोस्वामी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। प्रान्त कार्यवाह ने विराट हिन्दू सम्मेलन को मनाने की पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में जिला व्यवस्थापक प्रताप नारायण गुप्ता, जिला समरसता प्रमुख रमेश सिंह एड., नगर कार्यवाह रामकुमार, नगर बौद्धिक प्रमुख इन्दर सिंह, नगर सहशारीरिक प्रमुख हर्ष नामदेव, बस्ती प्रमुख विकास गुप्ता, भरत पुरोहित, छक्कीलाल साहू, रविंद्र कुमार जैन, किशन मुनीम साहब, छोटू साहू, आकाश सेन, नीरज तिवारी, युवराज सिंह बुंदेला आदि समाज सेवी उपस्थित रहे।

### बबूल का पेड़ काटने से मना करने पर मारपीट

**ललितपुर।** घर के सामने लगे बबूल के पेड़ को काटने से मना करने पर गांव के कुछ लोगों ने एक युवक से मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गया। इस घटना को लेकर मड़ावरा थाना के ग्राम गढ़ौलीकलां निवासी रोशन पुत्र स्व.परीक्षत पटेल ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि 18 जनवरी की सुबह 10 बजे पड़ौसी अशोक कुमार पुत्र सालिकराम, कपिल पुत्र अशोक कुमार, सोबरन उर्फ छोटू पुत्र अशोक कुमार, सालिकराम पुत्र लक्ष्मन पटेल एकराय होकर आये और उसके घर के सामने लगे बबूल के पेड को काटने लगे। जब उसने पेड़ काटने का विरोध किया तो उक्त लोगों ने एकराय होकर उसके साथ गालियां देते हुये मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गया। आरोप है कि बचाव करने आयी उसकी मां सिरदार पत्नी स्व.परीछत के साथ भी मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी गयी।

### बाइक की टक्कर से पैर टूटा, कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुआ मामला

**ललितपुर।** थाना बार के ग्राम खैरा (भावनी) निवासी जुगलकिशोर पुत्र जसरथ ने सीजेएम न्यायालय में वाद दायर किया है। बताया कि 21 अगस्त 2025 को वह खैरा से पत्नी के साथ मायके मोतीखेरा पैदल जा रहा था। तभी 12 बजे ग्राम तुर्का के आगे मरदन सिंह, अमोल व उत्तम पुत्रगण जिबले एकराय होकर आये और मोटर साइकिल संख्या यू.पी.94 डब्ल्यु 1929 को तेजी से आया और उसे जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसका पैर टूट गया, वह मौके पर बेहोश हो गया। घटना को उसकी पत्नी व अन्य लोगों ने देखा और उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उसे झांसी रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना एसपी के समक्ष उसने 13 अक्टूबर 2025 को दी, लेकिन कार्यवाही नहीं हुयी। पुलिस ने अब कोर्ट के आदेश पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम की तिथि घोषित

**ललितपुर।** प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 अमित तिवारी ने बताया कि राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत दिनांक 30 जनवरी 2026 को राष्ट्रीय कुष्ठ निवारण दिवस एवं 30 जनवरी 2026 से 13 फरवरी 2026 तक स्पर्ष कुष्ठ जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

---

### फुटपाथ गायब, सड़क पर पैदल चलने को मजबूर लोग

# सावरकर चौक से तालाबपुरा तक अतिक्रमण का कहर, चलना दुश्वार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

सावरकर चौक स्थित अटा मंदिर से लेकर तालाबपुरा चौराहा तक का इलाका इन दिनों अतिक्रमण की गंभीर समस्या से जूझ रहा है। यह मार्ग कभी शहर की प्रमुख और सुगम सड़कों में गिना जाता था, लेकिन आज हालात ऐसे हो गए हैं कि यहां से गुजरना लोगों के लिए रोज़ की परेशानी बन चुका है। सड़क के दोनों ओर खड़ी गाडिय़ों ने फुटपाथ को पूरी तरह खत्म कर दिया है, वहीं दुकानदारों ने अपनी दुकानों से बाहर कई फीट तक अतिक्रमण कर रखा है।

नतीजा यह है कि पैदल चलने वालों के लिए कोई सुरक्षित रास्ता नहीं बचा। मजबूरन लोग सड़क के बीच से निकलते हैं, जिससे दुर्घटना का खतरा हर समय बना रहता है। यह समस्या केवल असुविधा तक सीमित नहीं है, बल्कि धीरे-धीरे यह सामाजिक तनाव का कारण भी बनती जा रही है। भीड़ और तंग रास्तों के चलते आए दिन वाहन चालकों और राहगीरों के बीच कहासुनी हो जाती है, जो कई बार झगड़े में बदल जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर सुबह से शाम तक जाम की स्थिति बनी रहती है। स्कूल जाने वाले बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ती है। एंबुलेंस और जरूरी सेवाओं के वाहनों को भी रास्ता मिलने में काफी समय लग जाता है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि इतनी गंभीर स्थिति के बावजूद जिम्मेदार विभागों की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। नगर पालिका और यातायात विभाग कभी-कभार औपचारिक अभियान चलाकर अपनी जिम्मेदारी पूरी मान लेते हैं, लेकिन अतिक्रमण कुछ ही दिनों में फिर पहले जैसा हो जाता है। जनता में यह सवाल लगातार उठ रहा है कि आखिर कब तक इस समस्या को नजरअंदाज किया जाता रहेगा। यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए, तो यह इलाका किसी बड़ी दुर्घटना का केन्द्र बन सकता है।

**दुकानों का फैलाव और बेतरतीब पार्किंग बनी बड़ी वजह**



#### पैदल यात्रियों की पीड़ा हर कदम पर खतरा

इस मार्ग से गुजरने वाले पैदल यात्रियों की स्थिति सबसे ज्यादा खराब है। फुटपाथ पूरी तरह अतिक्रमण की चपेट में है, जिससे लोगों को सड़क पर चलना पड़ता है। तेज रफ्तार वाहन, ऑटो और बाइक के बीच से निकलना किसी जोखिम से कम नहीं। महिलाएं और बुजुर्ग कई बार गिरते-पड़ते नजर आते हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि शाम के समय हालात और भी बदतर हो जाते हैं, जब बाजार की भीड़ बढ़ जाती है। बच्चों को स्कूल भेजते समय अभिभावकों की चिंता दोगुनी हो जाती है। कई बार लोग वैकल्पिक रास्ते अपनाने को मजबूर होते हैं, जिससे उनका समय और ऊर्जा दोनों बर्बाद होते हैं। यह स्थिति साफ तौर पर बताती है कि अतिक्रमण ने आमजन की रोजमर्रा की जिंदगी को किस कदर प्रभावित किया है।

#### सड़क पर कब्जा

अटा मंदिर से तालाबपुरा तक दुकानों के बाहर रखा सामान, ठेले और अस्थायी निर्माण सड़क को लगातार संकरा कर रहे हैं। दुकानदारों ने अपनी दुकान की सीमा से बाहर निकलकर सार्वजनिक रास्ते पर कब्जा जमा लिया है। इससे न केवल ट्रैफिक बाधित हो रहा है, बल्कि दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ गई है। कई दुकानदार इसे अपनी मजबूरी बताते हैं, लेकिन सवाल यह है कि इसकी कीमत आमजन क्यों चुकाए। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि सभी दुकानदार नियमों का पालन करें, तो सड़क पर काफी हद तक राहत मिल सकती है। मगर बिना सख्त कार्रवाई के हालात सुधरने की उम्मीद कम ही नजर आती है।

#### प्रशासनिक उदासीनता कब मिलेगी राहत

सबसे बड़ा सवाल प्रशासन की भूमिका को लेकर है। लोगों का कहना है कि शिकायतें करने के बावजूद कोई स्थायी समाधान नहीं निकल रहा। कभी-कभार अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई होती है, लेकिन कुछ ही दिनों में स्थिति फिर जस की तस हो जाती है। इससे जनता में नाराजगी बढ़ रही है। लोग यह मानने लगे हैं कि बिना सख्त और नियमित कार्रवाई के इस समस्या से निजात नहीं मिलेगी। यदि जिम्मेदार विभाग समय रहते ठोस कदम उठाएं और नियमों का कड़ाई से पालन कराएं, तो यह मार्ग फिर से सुगम बन सकता है। फिलहाल, आमजन प्रशासन की ओर उम्मीद भरी निगाहों से देख रहा है।

---

### कलेक्ट्रेट पहुंचकर की नारेबाजी

## देशी और अंग्रेजी शराब की दुकानों के विरोध में महिलाओं ने किया प्रदर्शन



#### डीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

ग्राम जीरोंन में संचालित देशी व अंग्रेजी शराब की दुकानों को बंद कराए जाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों का कहना है कि शराब की दुकानों के कारण गांव का माहौल लगातार खराब हो रहा है, जिससे महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया कि शराब पीकर लोग गांव में उत्पात मचाते हैं। महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार, गाली-गलौज और झगड़े आम बात हो गई है। इसका सीधा असर बच्चों की पढ़ाई पर पड़ रहा है। स्कूल आने-जाने वाले बच्चों और महिलाओं को असुरक्षा महसूस होती है। शराब की वजह से घरेलू कलह और पारिवारिक हिंसा की घटनाओं में भी बढ़ोतरी हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि शराब की दुकानें आबादी क्षेत्र के पास होने से गांव की शांति व्यवस्था पूरी तरह से प्रभावित हो रही है। शाम के समय महिलाओं का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है। कई बार शराबी तत्व रास्ते में खड़े होकर छींटाकशी करते हैं, जिससे महिलाओं को मानसिक प्रताडऩा झेलनी पड़ती है। ज्ञापन के माध्यम से ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि जनहित, महिलाओं की सुरक्षा और गांव की शांति व्यवस्था को देखते हुए ग्राम जिरोंन में संचालित देशी व अंग्रेजी शराब की दुकानों को तत्काल बंद कराया जाए अथवा उन्हें आबादी से दूर स्थानांतरित किया जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन करने को विवश होंगे। ज्ञापन पर पुष्पा, संगीता, अनीता, सरस्वती, रचना देवी, सुशीला और उर्मिला, अमित, सचिन, अभिषेक, अंकित सहित अन्य ग्रामीणों के हस्ताक्षर बताए गए।

---

## प्रो. भगवत नारायण शर्मा के निधन पर प्रेस क्लब ने दी श्रद्धांजलि

**ललितपुर।** प्रेस क्लब द्वारा एक शोक सभा का आयोजन अमर शहीद पं. गणेश शंकर विद्यार्थी पत्रकार भवन में किया गया। जिसमें वरिष्ठ पत्रकार सुनील शर्मा के चचेरे भाई, प्रेस क्लब के पूर्व कोषाध्यक्ष संदीप शर्मा के ताऊजी एवं बुन्देलखण्ड विकास सेना के मीडिया प्रभारी सिद्धार्थ शर्मा के पिताजी एवं नेमवि पूर्व प्राचार्य प्रो. भगवत नारायण शर्मा के आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। इसके बाद प्रेस क्लब के पदाधिकारी एवं सदस्य उनके आवास पहुंचे और शोकाकुल परिवार को शोक पत्र सौंपा। इस दौरान प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू ने कहा कि प्रो. भगवत नारायण शर्मा बहुआयामी प्रतिभा धनी थे। शिक्षा और साहित्य के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। आज हमने शर्माजी के रूप में एक प्रभावशाली व्यक्तित्व को खो दिया है। जिसकी क्षतिपूर्ति होना संभव नहीं है। इस मौके पर सरंक्षक संतोष शर्मा, मंजीत सिंह सलूजा, कार्यालय प्रभारी अजित जैन भारती, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय जैन कल्लू, कोषाध्यक्ष अमर प्रताप सिंह पाली, महामंत्री अमित सोनी, अजय बरया, विनीत चतुर्वेदी, रवि जैन चुनगी, अनूप राठौर, अभय श्रीमाली, शिब्बू राठौर, मनीष सोनी, अजितेश जैन भारती, अमित संज्ञा, रमेश रैकवार, संजय नायक, मनीष पाठक, कुन्दन पाल, अबरार अली, स्वतंत्र रिछारिया, विकास सोनी, दिव्यांश शर्मा, आशीष तिवारी, प्रदीप रिछारिया, आलोक चतुर्वेदी, सुमित रैकवार, राहुल साहू खिरिया, अनुराग बिदुआ, कृष्णकांत सोनी, यशपाल सिंह सहित अनेक प्रेस क्लब सदस्य मौजूद रहे।

## जमालपुर में पूरे परिवार पर जानलेवा हमला, महिला की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

**ललितपुर।** तालबेहट कोतवाली के ग्राम जमालपुर में रहने वाली राधा पत्नी नन्दलाल ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि 18 जनवरी की शाम करीब 6 बजे वह अपने पुत्र परमानन्द पुत्र नन्दलाल, बहू नेहा के साथ घर पर थी, तभी गांव के दीपेन्द्र सिंह पुत्र गोपाल सिंह, यादवेन्द्र सिंह, रीकेन्द्र सिंह, वीकेन्द्र सिंह पुत्र शत्रुघन सिंह ठाकुर ने रंजिश के चलते अपने-अपने हाथों में लाठी-डण्डा, कुल्हाड़ी, गैस सिलेण्डर लेकर आये और घर में घुसकर तोडफ़ोड़ कर दी। विरोध करने पर उक्त लोगों ने घर को आग लगाकर सभी को जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि उक्त लोगों ने पूरे परिवार पर जानलेवा हमला कर दिया, जिसमें वह चोटिल हो गयी। शोरगुल होने पर पड़ौसियों ने मौके पर आकर उसे बचाया और घायल को एम्ब्युलेंस के जरिए उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया। महिला की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

---

### अन्य जिलों की अपेक्षा ललितपुर में अनमेप्ड मतदातों की संख्या कम

## राजनैतिक दलों व प्रशासनिक टीम ने किया अच्छा कामः कमिश्नर

#### कमिश्नर/रोल आब्जर्वर ने जिले में एसआईआर को लेकर राजनैतिक दलों व प्रशासन के साथ की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

मंडलायुक्त झांसी मंडल झांसी/रोल प्रेक्षक बिमल कुमार दुबे ने जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के साथ मंगलवार को कलैक्ट्रेट सभागार में निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 के सम्बंध में जनपद के मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक की और एसआईआर कार्य का फीडबैक लिया। रोल प्रेक्षक ने राजनैतिक दलों एवं अधिकारियों का परिचय प्राप्त करते हुए कहा लगभग 22 वर्ष बाद एसआईआर हो रहा है, इसमें हमें मिलकर काम करना है और मतदाता सूची की शत प्रतिशत शुद्ध कराना है राजनैतिक दलों और प्रशासनिक टीम ने मिलकर एसआईआर में बहुत अच्छा काम किया है, इसका परिणाम यह है कि अन्य जिलों की अपेक्षा हमारे यहां अन्मेप्ड मतदाताओं की संख्या कम है। इसलिए यहां नोटिस दिए जाने की संख्या भी बहुत कम है। उन्होंने राजनैतिक दलों से अपील की कि स्थानीय होने के नाते उन्हें मतदाताओं के बारे में अधिक जानकारी है, ऐसे में वे मृतक व शिफ्टेड मतदाताओं की मैपिंग में प्रशासनिक टीम का सहयोग करें, आगामी 31 जनवरी व 1 फरवरी को पुनः विशेष बूथ दिवस आयोजित किया जाएगा, इसमें अपने अपने बीएलए के माध्यम से बीएलओ को मृतक व शिफ्टेड मतदाताओं का सही डेटा उपलब्ध करा दें।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनपद के 12 पास बच्चों का डेटा तैयार कर सभी के फार्म 6 भरवा दें, इसके साथ ही शहरी क्षेत्र में वार्डवार मृतक मतदाताओं की सूची राजनैतिक दलों के सहयोग से तैयार कर उसे एएसडी सूची के मिलान करके डिलीशन की कार्यवाही करें। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद समय समय पर राजनैतिक दलों के साथ बैठकें आयोजित कर एसआईआर का डेटा उपलब्ध कराया गया है और उनसे सुझाव एवं आपत्तियां मांगी गई हैं। अभी भी अगर कोई त्रुटि रह गई हो तो उपलब्ध करा दें, संबंधित फार्म भरवाकर उसे सुधार लिया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि निर्वाचन आयोग के ऑनलाइन पोर्टल और वोटर हेल्पलाइन हेल्प के माध्यम से मतदाता स्वयं अपना फार्म भर सकते हैं। बैठक में राजनैतिक दलों से उनके सुझाव व आपत्तियों के बारे में पूछा गया, जिस पर अवगत कराया गया कि विकास खण्ड बिरधा के ग्राम कल्यानपुरा में नाले पर पुलिया न होने के कारण पत्थर लगाकर निकलना पड़ता है, बच्चे व बुजुर्गों के लिए खतरा अधिक होता है, इस पर जिलाधिकारी ने तत्काल दूरभाष पर खण्ड विकास अधिकारी को नाले पर पुलिया निर्माण कराये जाने के निर्देश दिये। राजनैतिक दलों ने यह भी सुझाव दिया कि सहरिया बाहुल्य ग्रामों में अधिकारियों की टीम भेजकर वहां मतदाता जागरुकता अभियान चलाया जाए, जिस पर उप जिलाधिकारियों व खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि ऐसे ग्रामों का चिन्हीकरण कर वहां मतदाता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित कराये जायें और फार्म 6, 7 व 8 के सम्बंध में आवश्यक कार्यवाही की जाए। बैठक में एडीएम, सहायक निर्वाचन अधिकारी, डीआईओ के अलावा राजनैतिक दलों के श्रीकान्त, सुरेन्द्र, आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष हरदयाल सिंह लोधी एड., बसपा से अनेक सिंह, रामकिशन बैजनाथ, भाजपा से बंशीधर श्रीवास आदि रहे मौजूद।



---

### बार काउंसिल चुनाव को लेकर जिला बार के पूर्व महामंत्री की उपस्थिति में हुई बैठक

## अधिवक्ताओं को वितरित की गई विधि पुस्तकें और कैलेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तालबेहट (ललितपुर)

तहसील तालबेहट के अधिवक्ता संघ के लिए आज का दिन शैक्षणिक और रणनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण रहा। उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के उपाध्यक्ष अनुराग पाण्डेय द्वारा भेजी गई कानून की नवीनतम पुस्तकें और वर्ष 2026 के कैलेंडर आज तालबेहट तहसील के अधिवक्ताओं को वितरित किए गए। सामग्री वितरण का यह कार्यक्रम जिला बार एसोसिएशन ललितपुर के पूर्व महामंत्री महेंद्र जैन झब्बू के कुशल निर्देशन में संपन्न हुआ।

अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए तालबेहट बार संघ के अध्यक्ष बाबूलाल नरवरिया ने कहा कि कानून की नई किताबों से युवा और वरिष्ठ दोनों ही अधिवक्ताओं को कानूनी बारीकियों को समझने और न्यायालय में प्रभावी पैरवी करने में मदद मिलेगी। उपाध्यक्ष अनुराग पाण्डेय के इस कदम की सराहना करते हुए उन्होंने इसे अधिवक्ता हित में एक सराहनीय प्रयास बताया। वितरण समारोह के बाद अधिवक्ताओं ने एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया। बैठक का मुख्य केन्द्र 27 और 28 जनवरी को जनपद ललितपुर में होने वाले उत्तर प्रदेश बार काउंसिल के सदस्यों के चुनाव रहे। चुनावों की तैयारी और अधिवक्ताओं की एकजुटता को लेकर गहन मंथन किया गया। उपस्थित सदस्यों ने चुनाव के सफल क्रियान्वयन और मतदान प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने पर अपने विचार साझा किए। इस दौरान तहसील तालबेहट बार संघ अध्यक्ष बाबूलाल नरवरिया, अजय उपाध्याय, गजेंद्र नायक, प्रदीप अगरिया, हरिराम श्रीवास, लक्ष्मण श्रीवास, रामगोपाल झां, शैलेन्द्र त्रिपाठी, मनोहर शर्मा, कपिल पुरोहित, मनीष पुरोहित, एड.पुष्पेन्द्र सिंह चौहान, रविन्द्र घोष, कमलेश लोधी, आकाश झा अधिवक्ताओं ने इस आयोजन को आपसी भाईचारे और पेशेवर विकास के लिए एक सकारात्मक मंच बताया।




---

### अतिशय क्षेत्र सेरोन देवगढ जहाजपुर में पंचकल्याणक महामहोत्सव सुनिश्चित

## सुधासागर महाराज के सानिध्य में उमड़ेगा श्रद्धा का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

**जैन समाज का महत्वपूर्ण महामहोत्सव श्रीमजिनेन्द्र पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव ललितपुर जिले के अतिशय क्षेत्र सतोदय तीर्थ सेरोन, देवोदय तीर्थ देवगढ़ एवं शान्तोदय तीर्थ चांदपुर जहाजपुर में तीर्थ चक्रवर्ती निर्यापक मुनि सुधासागर महराज के सानिध्य में आयोजित किया जाना सुनिश्चित हुआ। जिसको लेकर जैन समाज उत्साहित है और आयोजन की सफलता हेतु दिगम्बर जैन समाज पंचायत समिति ललितपुर ने स्वंयसेवी संस्थाओं के साथ रणनीति बनाई।**



प्रतिष्ठाचार्य बालब्रह्मचारी प्रदीप जैन सुयश के अनुसार ललितपुर जिले में तीर्थचक्रवर्ती निर्यापक मुनि सुधासागर महाराज के सानिध्य में सतोदय तीर्थसेरोन में 4मार्च से 8 मार्च 26 तक, देवोदय तीर्थ देवगढ़ में 28 मार्च से 2 अप्रेल 26 एवं शान्तोदय तीर्थ चांदपुर जहाजपुर में अप्रैल माह 2026 में पंचकल्याणक महोत्सव होगा। प्रतिष्ठा महोत्सव में तीनों क्षेत्रों में मूलनायक भगवान शन्तिनाथ के अतिरिक्त अनेक प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठित की जाएगी। उक्त आयोजन को लेकर जैन समाज काफी समय से प्रतीक्षारत रही और निरंतर महाराज श्री से आयोजन के लिए निवेदन करती रही। ललितपुर जनपद के निकवर्ती क्षेत्र तीर्थोदय तीर्थ गोलाकोट में विरजित निर्यापक श्रमण मुनि सुधासागर महराज के सम्मुख जैन समाज के श्रेष्ठजनों एवं दिगम्बर जैन पंचायत के पदाधिकारियों ने निवेदन किया जिसकी स्वीकृति मिलते ही समाज में उत्साह की लहर दौड़ गई।

आयोजन को लेकर सावरकर चौक स्थित जैन अटामंदिर के सभागार में महत्वपूर्ण बैठक जैन पंचायत अध्यक्ष डॉ अक्षय टड़या की अध्यक्ष एवं समाजा श्रेष्ठी शीलचन्द अनोरा के मुख्यतिष्य सम्पन्न हुई और ललितपुर जिले में निर्यापक श्रमण मुनि सुधासागर महाराज के आगमन एवं उनके सानिध्य में आयोजित होने वाले पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव की व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। जिसमें प्रमुख रूप से देवोदय तीर्थ के अध्यक्ष अनिल जैन अंचल संजीव जैन सीए सतीश जैन बजाज, मनोज जैन बबीना, अरविन्द जैन आष्टीकल्स, धन्यकुमार जैन एड, भूपेन्द्र जैन सिद्धि समूह, अखिलेश गदयाना, रवि जैन चुनगी आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर प्रमुख रूप से स्वतन्त्र मोदी, सुरेश बाबू जैन,विजय जैन लागोन, संजय मोदी, संजीव जैन ममता स्पोर्ट, आनंद जैन एलआईसी, सनत जैन खजुरिया, सौरभ जैन सीए, प्रमात जैन लागीन, अजय जैन जखोरा, अनिल जैन डोगरा, राजेश जैन चन्द्रा सिधेश्वर जमोरिया आदि मौजूद रहे। सभा का संचालन महामंत्री आकाश जैन द्वारा किया गया। मीडिया प्रभारी अक्षय अलया के अनुसार निर्यापक श्रमण मुनि सुधासागर महाराज के आशीर्वाद से उद्घारित ललितपुर जनपद के प्रमुख तीर्थक्षेत्र मूर्तिकला की धरोहर अतिशय क्षेत्र देवगढ, सतोदय तीर्थ सेरोन, शान्तोदय तीर्थ चांदपुर जहाज में मूलनायक भगवान शान्तिनाथ की प्रतिष्ठ अपने आप में जहां सातिशयकारी है वहीं क्षेत्र के विकास की संभावनाए बलवती हो गई है।

---

## सीनियर सिटीजन हेल्पलाइन नंबर भारत सरकार ने किया शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



सीनियर सिटीजन संघ के महासचिव गिरजा शंकर द्विवेदी जी ने ने सभी सीनियर सिटीजंस के लिए इस खुशी का इजहार किया। कि भारत सरकार ने सीनियर सिटीजन हेल्पलाइन फ़ोन नंबर 14567 शुरू किया है (बस बिना किसी एरिया कोड या प्रीफ़िक्स के सीधे नंबर डायल करें)। मैंने इस फ़ोन पर चेक किया और एक महिला के जवाब से मैं बहुत खुश हुआ। यह सेंटर सुबह 8 बजे से रात 8 बजे के बीच सीनियर सिटीजन को ज़रूरत के हिसाब से कोई भी मदद/सपोर्ट देता है। कोई भी सीनियर सिटीजन की परेशानी, मेडिकल मदद की ज़रूरत, या उत्पीड़न से सुरक्षा, आस-पास के वैक्सीनेशन सेंटर वगैरह के बारे में बता सकता है।

कृपया ध्यान दें कि यह सेवा केवल सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक उपलब्ध है और यह सेवा हर राज्य में उपलब्ध है। क्या आप कृपया यह मैसेज अपने सर्कल (दोस्तों, रिश्तेदारों, पड़ोसियों) के सभी सीनियर सिटीजन को भेजेंगे? यह भारत सरकार की एक बहुत अच्छी पहल है और इससे निश्चित रूप से उन सीनियर सिटीजन को फ़ायदा होगा जिन्हें मदद की ज़रूरत है।

### परिषद की बैठक बुलाने एजी को तीन पत्र लिख चुके हैं सीएमओ

# अदालत दे रही तारीख पर तारीख प्रशासन पत्र लिखकर कर रहा इतिश्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

बीते तीन माह से अदालत के फैसले पर शहर के विकास की उम्मीद ठहर सी गई है। हाईकोर्ट ने जब से नपा अध्यक्ष को पावर लेस किया है तब से शहर के विकास को ब्रेक से लग गए हैं। वार्डों में कामों में रुकावट आ जाने से वार्डो में पार्षदों को भी जनता की नाराजगी का शिकार होना पड़ रहा है।

यहां बताना होगा कि गत 8 अक्टूबर को हाई कोर्ट की खंडपीठ ग्वालियर न नपाध्यक्ष को पावर लेस घोषित करने का आदेश पारित कर दिया था। इसके बाद से विकास के कामों में ठहराव सा आ गया है। प्रशासन जनता के सामने पार्षद भी बेबस दिखाई दे रहे हैं। 20 जनवरी की तारीख में कुछ फैसला होने की उम्मीद जताई जा रही थी लेकिन कोर्ट ने फिर सुनवाई की तिथि अध्यक्ष 28 जनवरी बढ़ा दी है। तारीख पे तारीख लगने के कारण परिषद की बैठक भी नहीं हो पा रही है। हालांकि पार्षद नगर विकास के लिए परिषद की बैठक आयोजित कराना चाहते हैं इसके लिए उन्होंने कलेक्टर से मांग भी की है और कलेक्टर के निर्देश पर सीएमओ तीन बार एडवोकेट जनरल (एजी) को अध्यक्ष के पावरलेस होने कि स्थिति में बैठक बुलाने के लिए मार्गदर्शन मांग चुके हैं लेकिन मार्गदर्शन नहीं मिलने से बैठक आयोजित नहीं हो पा रही है। उधर तारीख पे तारीख लगने से पूरी परिषद का भविष्य ही अधर में लटक गया है।



#### नपा उपाध्यक्ष के प्रावधान पर उठे प्रश्न

परिषद की बैठक करने के लिए सीएमओ द्वारा एजी से मार्गदर्शन मांगे जाने और पार्षदों के बार-बार कलेक्टर को आवेदन देकर बैठक बुलाए जाने की कवायद के बीच लोग अब नगर पालिका उपाध्यक्ष के परिषद में होने के प्रावधान पर भी चर्चा करने लगे हैं। अभी तक लोग यही मानते थे की अध्यक्ष की अनुपस्थिति में उपाध्यक्ष ही सर्वे सर्वा होता है लेकिन इस विषम परिस्थिति में पता चल रहा है कि उपाध्यक्ष को शायद अध्यक्ष की अनुपस्थिति में वह पावर नहीं है जो अध्यक्ष को होना चाहिए अगर ऐसा होता तो परिषद की बैठक उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में कराई जाती अब लोग यह कहने लगे हैं कि जब उपाध्यक्ष का कोई विशेष योगदान परिषद में निहित ही नहीं है वह मात्र एक पार्षद की हैसियत रखता है तो फिर उसका निर्वाचन ही क्यों कराया जाता है।

#### बैठक की अध्यक्षता कौन करे इस पर रार?

सूत्रों की माने तो परिषद की बैठक नहीं होने का कारण बैठक के अध्यक्षता कौन करें इसको लेकर विरोधाभास है नपा अध्यक्ष चाहती हैं कि उनकी अनुपस्थिति में या पावरलेस होने के बाद उनके पार्षद भर रहने की स्थिति में बैठक की अध्यक्षता उनके समर्थन वाला कोई पार्षद करें ताकि विपक्ष एजेंडे में ऐसा कोई प्रश्न अतिरिक्त ना जोड़ दे जो अदालत में अध्यक्ष को परेशानी पैदा कर दें जबकि विपक्ष नपा उपाध्यक्ष संजय महाना से अध्यक्षता में परिषद की बैठक कराना चाहता है।

#### इनका कहना...

परिषद की बैठक बुलाने के लिए मार्गदर्शन महाधिवक्ता से परामर्श मांगने के लिए सीएमओ को पार्षदों की मांग पर पत्र लिखे गए हैं सीएमओ ने मार्गदर्शन मांगा जैसा मार्गदर्शन मिलेगा वैसा पालन किया जाएगा।

**संजय शाक्य**
**डिप्टी कलेक्टर एवं जिला शहरीकरण अधिकारी श्योपुर**

प्रशासन एजी से परामर्श मांगने के बहाने सिर्फ समय टाल रहा है जिससे शहर के हालात बेहद बिगड़ गए हैं नालियां टूटने से पानी सड़क पर बह रहा है। सड़कों में जगह जगह गड्ढे हो गए हैं। लीकेज नलों के माध्यम से घरों में पीने का गंदा पानी पहुंच रहा है। नगर पालिका एक्ट में अध्यक्ष की अनुपस्थिति में उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में बैठक कराने का नियम है सीएमओ इस नियम की पालना करने के बजाय टालमटोल कर रहे हैं।

**सलाउद्दीन भूरा**
**पार्षद एवं नेता प्रतिपक्ष नपा श्योपुर**

### घर से नाराज होकर निकली युवती गसवानी क्षेत्र में बस से हुई बरामद

# युवती के चंबल नहर में गिरने की खबर से चार घंटे तक चकरघिन्नी बनी रही पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

घर से नाराज होकर निकली एक युवती के चंबल नहर में गिरने की खबर से बुधवार को न केवल ढोढर थाना पुलिस,बल्कि आसपास के थानों की पुलिस भी करीब चार घंटे तक चक्करघिनी बनी रही। युवती को लेकर परेशान बनी पुलिस ने तब जाकर राहत की सांस ली,जब युवती चंबल नहर की जगह गसवानी थाना क्षेत्र में एक यात्री बस से बरामद की गई।

हुआ यूं कि ढोढर थाना क्षेत्र के ग्राम बलावनी निवासी एक 20 वर्षीय युवती बुधवार की सुबह किसी बात को लेकर अपने परिजनों से नाराज हो गई और वह बिना किसी से कुछ कहे गुस्से में घर से निकल गई। इसके थोडी देर उक्त युवती की चप्पले चंबल नहर में तैरती दिखाई दी। जिसके बाद क्षेत्र में यह खबर फैल गई कि युवती चंबल नहर में कूद गई है। इस सूचना पर ढोढर थाना प्रभारी राकेश शर्मा ने तत्काल गंभीरता दिखाते हुए युवती की तलाश शुरू कर दी और एक पुलिस टीम को चंबल नहर में खोजबीन करने लगा दिया।

वहीं रघुनाथपुर, वीरपुर सहित आसपास के थानो की पुलिस भी इस सूचना पर चंबल नहर में युवती को तलाशने लग गई। चंबल नहर में जाल आदि भी लगाया गया, लेकिन चार घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस और परिजनों ने तब राहत की सांस ली,जब उक्त युवती गसवानी थाना क्षेत्र में एक यात्री बस में सवार होकर कहीं जाती मिली। बस स्टाफ ने युवती के गुम होने संबंधी फोटो पुलिस के द्वारा वायरल किए जाने के बाद युवती के बारे में पुलिस को सूचना दी।

#### सूचना देने के बाद भी मौके पर नहीं पहुंची एसडीआरएफ की टीम, लोगों में दिखी नाराजगी

इस मामले में युवती के परिजनों सहित क्षेत्र के लोग तब नाराज हो गए,जब सूचना देने के बाद भी एसडीआरएफ की टीम युवती को तलाशने के लिए मौके पर नहीं पहुंची। बताया गया है कि ढोढर थाना प्रभारी ने एसडीआरएफ की टीम को मौके पर आने के लिए सूचना दी गई,लेकिन यह टीम मौके पर ही नहीं पहुंची। इसको लेकर क्षेत्र के लोग नाराज होकर यह बात कहते हुए नजर आए कि एसडीआरएफ की टीम के बस दिखावा करने के लिए है।

#### इनका कहना..

हां,एक युवती लापता हो गई थी। युवती के चंबल नहर में गिरने की खबर पर हम उसकी तलाश नहर में करने लग गए,लेकिन युवती गसवानी क्षेत्र में एक यात्री बस से बरामद की गई,जिसे सकुशल परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

**राकेश शर्मा**
**थाना प्रभारी,ढोढर**

# श्योपुर जिले के 171 किसानों के यहां लगेंगे सोलर पंप, जारी हुए कार्य आदेश

**श्योपुर।** जिले में 171 किसानों के यहां प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना के अंतर्गत सौलर पम्प लगाए जाएंगे,इसके लिए कार्य आदेश जारी कर दिये गये है। जिला अक्षय ऊर्जा अधिकारी तरूण गुर्जर ने बताया कि प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना अंतर्गत सौलर पम्प स्थापना के लिए 30 प्रतिशत अनुदान केन्द्र सरकार की ओर से दिया जा रहा है। किसान को मात्र 10 प्रतिशत अंशदान राशि जमा करनी है, शेष 60 प्रतिशत किसान को ऋण के रूप में उपलब्ध कराई जायेगी, इसके लिए श्योपुर जिले में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया को नोडल बैंक के रूप में चयनित किया गया है। कृषक ऋण के अदायगी की गारंटी मध्यप्रदेश शासन द्वारा दी गई है। उन्होंने कहा कि श्योपुर जिले में 578 आवेदन सौलर पम्प लगाने के लिए ऑनलाइन किये गये थे, जिसके तहत 171 किसानों के यहां सौलर पम्प लगाने के कार्य आदेश संबंधित एजेंसियों को जारी कर दिये गये है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत चयनित वेंडर द्वारा पम्प स्थापना का कार्य शुरू करने के लिए लोन स्वीकृति की कार्यवाही होना आवश्यक है। इस कार्य के लिए किसान का कुसुम-बी अंतर्गत राज्य पोर्टल से एआईएफ का आवेदन ऑनलाइन जमा होना आवश्यक हैं, साथ ही कृषक का बैंक खाता नोडल बैंक अर्थात सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में खोला गया हो तथा डिजिटल लेडिंग के माध्यम से बैंक द्वारा लोन स्वीकृत किया है। इस प्रकार किसान मात्र 10 प्रतिशत की अंशदान राशि पर अपने खेतो में सिंचाई के लिए सौलर पम्प लगा सकते है। उन्होने बताया कि किसानों को अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करने के लिए इस संबंध में गत 20 जनवरी को श्योपुर एवं 21 जनवरी को कराहल में शिविरों का आयोजन कर जानकारी प्रदान की गई है। इसी क्रम में 22 एवं 23 जनवरी को विजयपुर के एसएडीओ कार्यालय में दोपहर 12 बजे से सांय 05 बजे तक शिविर आयोजित किया गया है।

### विशेष आवश्यकता वाले बच्चों में चिन्हित, हर तरह की मिलेगी सहायता

# राधिका की पढ़ाई के लिए 8 हज़ार रुपए की स्कॉलरशिप हुई स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

एनएमएस उर्दू गांधी स्कूल में पढ़ने वाली राधिका की पढ़ाई में उसकी मंद बुद्धि और गरीबी बाधा नहीं बनेगी। कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देश पर बीआरसी कार्यालय ने बालिका को विशेष आवश्यकता वाले बच्चों में चिह्नित करते हुए उसे पढ़ाई करने के लिए 8 हज़ार रुपए सहयोग राशि प्रति वर्ष स्वीकृत कर ली है।

छात्रों के बीच पढ़ने वाली यह बालिका मंदबुद्धि होकर कुछ बच्चों के लिए परेशानी का सबब भी थी वह अपनी उम्र के बच्चों को कभी-कभी पिटाई भी लगा देती थी इस शिकायत के बाद स्कूल स्टाफ एवं हेड मास्टर कमलजीत सिंह सिसोदिया ने राधिका को समझाने का प्रयास किया लेकिन जब उसके बात समझ में नहीं आई तो पहले वह उसे मनोरोग चिकित्सक से मिलाने ले गए उसका इलाज शुरू कराया और मेडिकल प्रमाण पत्र बनवाया गया इसके बाद कलेक्टर के निर्देश पर बीआरसी हरिशंकर बाथम की सहमति से एमआरसी यूसुफ खान ने उसका सहायता प्रपोजल बनाकर राज्य शिक्षा केंद्र भेज दिया जहां उसे आगे पढ़ाई के लिए हर साल 8000 की स्कॉलरशिप स्वीकृत कर दी गई है तथा विशेष आवश्यकता वाले बच्चों में उसे चिन्हित कर लिया गया है इसका मतलब यह हुआ कि उसे पढ़ाई में अगर विशेष शिक्षक की जरूरत पड़ी तो उसके लिए लगाया जाएगा साथ ही पढ़ाई के वो सभी साधन उपलब्ध कराए जाएंगे जो उसकी मानसिक स्थिति को देखते हुए उपलब्ध कराए जाने जरूरी हैं। इस दौरान चिकित्सक द्वारा लिखी गई दवाई भी हेड मास्टर सिसोदिया ने उसे खुद खरीद कर दी आगे भी उसका इलाज इसी तरह करने का भरोसा दिलाया।




# छठवीं पुण्यतिथि पर याद किए गए किसान नेता नागाराम मीणा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

किसान नेता स्व नागाराम मीणा की छठवीं पुण्यतिथि पर उनके सहयोगी कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि देकर याद किया। यह कार्यक्रम उनके निवास चंद्रपुरा गांव में आयोजित हुआ। 6 वर्ष पूर्व किडनी में आए इन्फेक्शन के कारण दिवंगत हुए किसान नेता नागाराम मीणा को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए बड़ी संख्या में से जुड़े सहयोगी कार्यकर्ता और किसान पहुंचे। ज्ञात हो कि किसानों की हर लड़ाई का नेतृत्व नागाराम जिला मुख्यालय और आसपास के क्षेत्र में करते दिखाई पड़ते थे 35 गांव में नहर निकासी की योजना में भी उन्होंने अग्रणीय भूमिका निभाई थी।

#### एसडीएम ने किया विद्यालय का निरीक्षण, प्रभारी को नोटिस

**श्योपुर।** एसडीएम विजयपुर अभिषेक मिश्रा ने ग्राम गोहटा में स्थित शासकीय माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण कर शैक्षणिक व्यवस्थाओं सहित मध्यान्ह भोजन का जायजा लिया। इसके साथ ही उन्होंने कक्षा में विद्यार्थियों से शैक्षणिक संवाद करते हुए अध्ययन एवं अध्यापन के संबंध में जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में पदस्थ अतिथि शिक्षक राधेश्याम मीणा के गत सात दिनों से अनुपस्थिति पाये जाने, विद्यालय में छात्र संख्या कम पाये जाने के साथ ही शैक्षणिक स्तर न्यून पाये जाने एवं मध्यान्ह भोजन मैन्यू अनुसार नही मिलने पर विद्यालय प्रभारी हाकिम सिंह मीणा को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

### सीएमओ के नोटिस पर विपक्ष ने खड़े किए सवाल

# न्यायालय के फैसले के बाद सरकारी जमीन से बेदखली का जारी हुआ नोटिस




हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जिला मुख्यालय के पाली रोड पर एकीकृत बस स्टैंड एवं वृत्ताकार सोसाइटी के बीच शासकीय भूमि पर निर्माण के मामले में अदालत से केस जितने के बाद अब नगर पालिका ने संबंधित व्यक्तियों को उक्त शासकीय जमीन खाली करने का नोटिस जारी किया है। हालांकि नोटिस विधि संवत कार्रवाई करते हुए जारी किया गया है पर विपक्ष इस मामले में भी सीएमओ पर भेदभाव का आरोप लगा रहा है। विपक्ष के पार्षदों का आरोप है कि जिस तरह जय स्तंभ से जिला पंचायत अध्यक्ष के निवास तक गरीबों की गुमटियां अदालत के निर्देश के बाद तत्काल हटाई गई थी उसी तरह उक्त अतिक्रमण को भी हटाना चाहिए लेकिन नगर पालिका प्रभावशील लोगों को सिर्फ नोटिस जारी करती है जबकि गरीबों के आशियाने उजाड़ डालने का काम करती है।

सीएमओ द्वारा जारी किए गए नोटिस में उल्लेख है कि कस्बा श्योपुर की भूमि सर्वे कमांक 180/4 पर न्यायालय तृतीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खड जिला श्योपुर के में पारित किया गया है। उक्त भूमि नगरपालिका परिषद श्योपुर अतंर्गत दर्ज है। तहसीलदार प्रकरण कमांक आर.सी. एस.ए./131/2021 आदेश दिनाक 09.01.2026 से निर्णय शासन के पक्ष श्योपुर के पत्र क्रमांक/प्रवा/तह / 2026/194 दिनांक 12/01/2026 के पालन में आपको कार्यालय में लिखित में सूचित करें। अन्यथा आपके जख्म अतिक्रमण को नगरपालिका एवं जिला प्रशासन के सहयोग द्वारा हटा दिया जावेगा एवं सामग्री जप्त कर ली जावेगी, जिस पर होने वाला व्यय भी आपसे वसूल किया जावेगा। जिसके लिये आप स्वंय जिम्मेदार होंगे। हालांकि नोटिस के बाद संबंधित लोगों में दहशत व्याप्त होना बताई जा रही है लेकिन नगरपालिका में विपक्ष के पार्षद उसे जय स्तंभ से जिला पंचायत अध्यक्ष के निवास तक हटाई गई गुमठियों से जोड़कर नपा प्रशासन पर भेदभाव करने का आरोप लगा रहा है। पार्षदों का कहना है कि जब गरीबों की उन गुमठियों पर जेसीबी चल सकती है जिनमें गरीब अपने परिवार का पेट पालने के लिए व्यवसाय कर रहे थे तो फिर सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर बनाए गए मकान जिसे कोर्ट ने हटाने के निर्देश दिए हैं पर जेसीबी क्यों नहीं चल रही है।

#### 26 दुकानों पर चली थी जेसीबी

विगत दिनों हाई कोर्ट के निर्देश के बाद 26 दुकान जो जय स्तंभ के सामने से श्रीराम तलाई हनुमान मंदिर रोड जिला पंचायत अध्यक्ष के निवास तक बनी हुई थी उन पर जेसीबी चलाई गई थी दुकानदारों का कहना था कि वह नगर पालिका के किराएदार होकर नगर पालिका को हर माह किराया अदा करते हैं इसलिए उन्हें बेदखल करने से पहले उन्हें दूसरे स्थान पर बसाया जाए। इस मामले में हाईकोर्ट ने पहले उन्हें स्टे दे दिया था लेकिन बाद में स्टे की मियाद खत्म होने ओर फैसला नगरपालिका के पक्ष में आने के बाद वहां जेसीबी चला कर जमीन को अतिक्रमण मुक्त बना दिया गया। अब एनएचआई वहां नाला निर्माण कर रही है नाला निर्माण के बाद सड़क बनाई जाएगी दुकानदारों के साथ-साथ पार्षद भी इस बात की मांग कर रहे थे कि दुकानदारों को वहां से सड़क चौड़ीकरण करने के लिए हटाना जरूरी ही था तो उन्हें दूसरी जगह दुकान बनाकर दी जाना चाहिए थी।

#### इनका कहना..

अदालत ने सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त करने के स्पष्ट आदेश दिए हैं। सीएमओ सिर्फ नोटिस देकर कर्तव्य से इतिश्री कर रहे हैं जबकि ऐसे ही एक अदालत के आदेश के बाद विगत दिनों गरीब दुकानदारों को बेदखल कर दिया गया था हम उसे कार्रवाई का विरोध नहीं कर रहे हैं लेकिन कार्यवाही में समानता होना चाहिए। जब जेसीबी गरीबों की दुकान पर चल सकती है तो रसूखदारों के आशियाने भी सरकारी जमीन से हटाने चाहिए।

**सुमेर सिंह**
**पार्षद नपा श्योपुर**

अदालत में नगर पालिका द्वारा रखे गए पक्ष के आधार पर ही संबंधितों से अदालत ने जमीन खाली करने के निर्देश दिए हैं हमने नोटिस जारी कर दिया है समय सीमा में सरकारी जमीन पर किए गए अतिक्रमण को खाली नहीं किया गया तो जेसीबी चला कर खाली कराएंगे और उसके हर्जा खर्चा भी संबंधितों से वसूल करेंगे।

**आरआर यादव**
**सीएमओ श्योपुर**

### सलमान्या के पास प्रशासन ने बताई जमीन को बड़ौदा के विद्यार्थियों ने बताया अनुपयुक्त

# जमीन के चक्कर में फाइलों में ही घूम रही बड़ौदा के शासकीय महाविद्यालय की नई बिल्डिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

तहसील मुख्यालय बडौदा में शासकीय महाविद्यालय तो संचालित हो रहा है,लेकिन इसके लिए बिल्डिंग अभी नहीं बन पा रही है। हालांकि शासन ने बडौदा महाविद्यालय के लिए नई बिल्डिंग तो स्वीकृत कर दी गई है। मगर यह बिल्डिंग जमीन के चक्कर में फिलहाल फाइलों में ही घूम रही है। खास बात यह है कि बडौदा कॉलेज के लिए प्रशासन की ओर से सलमानिया गांव के पास जो जमीन बताई गई है,उस जमीन पर कॉलेज बनाए जाने का बडौदा के छात्र छात्राओ ने खासा विरोध करते हुए उसे कॉलेज के लिए उपयुक्त नहीं बताया है। ऐसे में बडौदा कॉलेज को अपना खुद का भवन नहीं मिल पा रहा है।

इसका खामियाजा कॉलेज प्रशासन के साथ साथ इस कॉलेज में पढने वाले छात्र छात्राओं को भी भुगतना पड रहा है। यहां बता दें कि बडौदा क्षेत्र के लोगों की लंबी मांग के बाद बडौदा में शासकीय महाविद्यालय स्थापित हो गया है,लेकिन बिल्डिंग नहीं बनने के कारण अभी इस कॉलेज का संचालन इन दिनों बीज निगम की बिल्डिंग में किया जा रहा है। लेकिन बीज निगम की जिस बिल्डिंग में कॉलेज संचालित हो रहा है। वह बिल्डिंग कॉलेज के लिए किसी भी स्थिति में उपयुक्त नहीं है। हालांकि बडौदा कॉलेज के लिए शासन की ओर से बिल्डिंग स्वीकृत कर दी गई है मगर जमीन का आंवटन न होने के कारण निर्माण एजेंसी भी बिल्डिंग बनाए जाने का काम धरातल पर शुरू नहीं कर पा रही है। वैसे कॉलेज के लिए पहले मूंडला गांव के पास जमीन चिन्हित की गई है,लेकिन वह जमीन 4 हेक्टेयर से कम होने की वजह से उपयुक्त नहीं हो पाई। इसके बाद सलमानिया के पास कॉलेज का निर्माण किए जाने के लिए प्रशासन की ओर से जमीन बताई गई है।



#### सलमानिया के पास कॉलेज निर्माण का स्थानीय लोगों ने किया विरोध

सलमानिया गांव के पास प्रशासन के द्वारा बडौदा कॉलेज के लिए जो जमीन बताई गई है,वहां पर कॉलेज का निर्माण किए जाने का बडौदा के लोगों सहित छात्र संगठनों ने तीव्र विरोध करते हुए उस जमीन को कॉलेज के लिए उपयुक्त नहीं बताया है। छात्र संगठनों का कहना है कि वह जमीन बडौदा कस्बे से काफी दूर है, जहां कॉलेज का निर्माण होना छात्राओं के लिए सुरक्षित नहीं रहेगा। वहां छात्राओ को पढने जाने में कई तरह की विषम परिस्थितियों का सामना करना पडेगा। इस विरोध को देखते हुए कॉलेज प्रशासन ने भी सलमानिया गांव के पास की जमीन को नापसंद कर दिया है। इसके बाद प्रशासन ने कॉलेज के लिए दूसरी कोई जमीन बताई नहीं है।

#### भवन और स्टाफ की समस्या से दो चार हो रहे विद्यार्थी

बडौदा कॉलेज का संचालन बीज निगम के दो कमरों में हो रहा है। जबकि कॉलेज में 200 से अधिक विद्यार्थियों का दाखिला हो गया है, और इतने सारे विद्यार्थियों का 2 कमरो में बैठना किसी भी स्थिति में मुमकिन नहीं दिख रहा है। छात्र संगठनों का कहना है कि बडौदा कॉलेज में भवन की समस्या के साथही स्टाफ की भी गंभीर समस्या है। क्योंकि यहां सिर्फ 2 प्रोफेसर पदस्थ है,जिनमें से एक के पास प्राचार्य की जिम्मेदारी है।

#### इनका कहना...

सलमानिया के पास बताई गई जमीन कॉलेज की छात्राओं की सुरक्षा के लिहाज से उपयुक्त नहीं है। इसलिए हमने प्रशासन से दूसरी जगह जमीन आंवटित किए जाने का अनुरोध किया है। कॉलेज के लिए उपयुक्त जमीन मिलते ही हम वहां कॉलेज भवन निर्माण की सहमति प्रदान कर देगे।

**डॉ ओपी शर्मा**
**प्राचार्य, शासकीय पीजी कॉलेज श्योपुर**

बडौदा कॉलेज भवन के निर्माण को लेकर हम भी गंभीर है और कॉलेज भवन के लिए उपयुक्त जमीन की तलाश करवा रहे है। जल्द ही उपयुक्त जमीन ढूंढकर उसे कॉलेज निर्माण के लिए प्रस्तावित करा देगे।

**गगन सिंह मीणा**
**एसडीएम,श्योपुर**

बडौदा कॉलेज में भवन और स्टाफ की गंभीर समस्या है। जिन्हें प्राचार्य की जिम्मेदारी सौपी गई है,वह भी नियमो के खिलाफ है। बडौदा कॉलेज के लिए बीज निगम की खाली पडी जमीन को ही आंवटित किया जाए,साथही स्टाफ की जरूरत के लिहाज से पदस्थी की जाए, इस मांग को लेकर अभाविप जल्द ही सडक पर उतरकर आंदोलन करेगी।

**गणेश शर्मा**
**जिला संयोजक अभाविप,श्योपुर**

# ओकाफ की भूमि पर कब्जा लेने के लिए पहुंचे जलालुद्दीन के साथ मारपीट, एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

शहर के खातौली तिराहा स्थित मजार मिट्ठे शाह से जुड़ी औकाफ की जिस भूमि को प्रशासन ने अतिक्रमण मुक्त कराया था अब उस पर कब्जे को लेकर दो पक्ष आमने-सामने हो गए हैं। मंगलवार को भूमि पर बाउंड्री वॉल करने पहुंचे मौलाना जलालुद्दीन शाह की ग्रामीणों ने मारपीट कर दी। हालांकि पुलिस ने जलालुद्दीन के आवेदन पर से आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। बता दे कि विगत दिनों कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देश पर खातौली तिराहा स्थित मजार मिट्ठे शाह से जुड़ी औकाफ भूमि से तहसीलदार मनीषा मिश्रा द्वारा अतिक्रमण हटाकर उसे ग्राम पंचायत मठेपुरा के सुपुर्द कर दी थी। तहसीलदार के निर्देश पर पंचायत ने अतिक्रमण से मुक्त कराई जमीन पर तार फेंसिंग कर बाउंड्री वॉल कर दी इसके बाद वहां पर शेड लगाकर बाउंड्री वॉल करने पहुंचे पुजारी जलालुद्दीन और पंचायत से जुड़े प्रतिनिधियों के बीच जमीन के आधिपत्य को लेकर बहस हुई पंचायत प्रतिनिधियों ने उसे बता दिया कि यह जमीन पंचायत के सुपुर्द की गई है। पंचायत ने अपना पैसा लगाकर उसमें तार फेंसिंग की है दो-तीन दिनों तक इस मामले में विवाद रहा जलालुद्दीन को वहां शेड बाउंड्री वॉल नहीं करने दिया गया। मंगलवार को जलालुद्दीन फिर कुछ लोगों को लेकर बाउंड्री वॉल करने पहुंचा लेकिन इस दौरान ग्रामीणों ने काम रोकते हुए उसकी मारपीट कर दी। मारपीट करने के इस मामले में कोतवाली पुलिस ने गब्बर मेवाती, लक्की मुसलमान, मलखान मेवाती की पत्नी, रशीद फकीर की पत्नी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली।

## खबर संक्षेप

### विद्युत प्रदाय कई क्षेत्रों में दोपहर में बंद रहेगा

**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश विधुत वितरण कंपनी द्वारा आरडीएस योजना के अंतर्गत केवल क्षमता वृद्धि कार्य किया जा रहा है जिसके कारण ईसागढ रोड़ फीडर से निकलने वाली लाईने पछाडी खेडा रोड, स्वराज एजेंसी चैराहा, डॉ डीके जैन की गली, जिला चिकित्सालय आदि स्थानों में विधुत प्रदाय दोपहर 12 बजे से 5 बजे तक बंद रहेगा। जरूरत पड़ने पर समय घटाया बढ़ाया भी जा सकता है।

### अज्ञात चोर बीएसएनएल की टावर से सामान चोरी कर ले गए

**अशोकनगर।** जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत हरिओम शर्मा निवासी बिलाला मिल अशोकनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ग्राम देवकानी में बीएसएनएल के टावर से अज्ञात चोर 7 रैक्टीफायर चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### हम्माली का रुपया न देने की शिकायत कार्रवाई की मांग

**अशोकनगर।** सहवाजपुर के वेयर हाउस पर कार्यरत हम्माल हरिओम रघुवंशी ने कलेक्टर के यहां शिकायत की है कि क्रांति स्वसहायता समूह के कार्यकर्ता भूरा धाकड निवासी ग्राम वूददू करैया से मेरे हम्माली की राशी रूपये 35400/- लेना है आज दिनांक तक नहीं दिये। कई बार 181 पर भी शिकायत की और जन सुनवाई में भी कचनार गया परंतु निर्णय नहीं हुआ। बदले में सोनू धाकड़ मुझे कटटा बंदूक उठाकर मारने आया। मेरी जान का खतरा है। मुझे अशोक रघुवंशी सुरक्षित बचाकर लाये। सोनू धाकड निवासी ग्राम वुददू करैया 3 माह जेल में भी रहे है। आवेदक द्वारा अपराधी सोनू पर कार्यवाही कर पैसा दिलवाने की मांग की गई है।

### बमनावर की प्रतियोगिता में महिलाएं हुईं शामिल



**ईसागढ़।** ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान तहत विकासखंड ईसागढ़ सेक्टर ढाकोनी 3 नवांकुर संस्था श्री सिद्ध बाबा सोंधना सेवा प्रचार प्रसार समिति शंकरपुर की ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बमनावर अध्यक्ष आस्था रघुवंशी के सानिध्य में आंगनवाड़ी केन्द्र पर महिलाओं को देशी खेल प्रतियोगिता आयोजित कराई जिसमे सुतोलिया, नींबू रेस, दौड़ प्रतियोगिता जैसे खेलों का आयोजन कराया। प्रतियोगिता में 18 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं ने खेल प्रतियोगिता में भाग लिया और खेल में शामिल होकर अपने बचपन को याद किया। घर परिवार की जिम्मेदारी में बंधी महिलाएं खेलों से दूर रहती है लेकिन ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान तहत मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा नवांकुर संस्था एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति लगातार जनता के बीच कार्य कर रही है। शासन की विभिन्न योजनाओं का ग्राम में प्रचार प्रसार कर पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित कराने का प्रयास करती है जो जनता के बीच अपनी एक स्वच्छ छवि और निस्वार्थ भाव से सेवा करती है। लोगो के बीच आनंद उत्सव के रूप में देशी खेलो के माध्यम से लोगों की बचपन की यादों को एक आधार बनाकर उनके चेहरे पर मुस्कान लाने का प्रयास करती है। आज व्यक्ति अपने कार्यों में इतना व्यस्त हो गया है कि अपने लिए समय ही नहीं निकाल पाता है जिससे लोगों की शारीरिक क्षमता और स्वास्थ्य पर गहरा असर पड़ रहा है। युवा अवस्था में बुजुर्ग की तरह दिखाई देने लगे हैं ध्यान और योग करने से व्यक्ति के जीवन में एक नई ऊर्जा मिलती है। इसलिए अपने जीवन में कुछ समय निकालकर देशी खेल जो लुप्त हो रहे हैं उनको अपने परिवार और पड़ोस में खेल खेलते हुए नई पीढ़ी के बच्चों को प्रेरित करें।

---

### 165 गांवों के 54 हजार हेक्टेयर में होगी सिंचाई, किसानों को होगा लाभ

# विधायक निर्मला ने हिनोता बांध परियोजना के छपरेट घाट डैम व पंप स्टेशन का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना



विधायक निर्मला सप्रे ने बुधवार को हिनोता बांध परियोजना अंतर्गत छपरेट घाट डैम एवं पंप स्टेशन निर्माण कार्य का स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीओ आकांक्षा नरवरे सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। विधायक ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता, प्रगति और समय-सीमा की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। हिनोता बांध परियोजना का कुल कमांड एरिया करीब 40 हजार हेक्टेयर है, जिसमें से 20 हजार हेक्टेयर क्षेत्र बीना तहसील के लगभग 80 गांव को पाइपलाइन के माध्यम से सिंचाई सुविधा प्रदान करेगा। उल्लेखनीय है कि इससे पहले बीना तहसील के केवल 29 गांव को ही सिंचाई का लाभ मिल रहा था, जबकि शेष किसान वर्षा पर निर्भर खेती करने को मजबूर थे।

#### 2 बड़ी परियोजनाओं से बदलेगा बीना विस का कृषि परिदृश्य

विधायक निर्मला सप्रे ने बताया विधानसभा को अब 2 प्रमुख परियोजनाओं के माध्यम से कुल 54 हजार हेक्टेयर भूमि को सिंचाई सुविधा मिलने जा रही है। जिसमें बीना संयुक्त परियोजना से बीना तहसील के 29 गांव एवं खुरई तहसील के 57 गांव कुल 34 हजार हेक्टेयर क्षेत्र इसी तरह हिनोता बांध परियोजना से बीना तहसील के करीब 80 गांव कुल 20 हजार हेक्टेयर क्षेत्र को लाभ मिलेगा। इस प्रकार कुल मिलाकर बीना विधानसभा के 165 गांव सिंचाई सुविधा से जुड़ेंगे, जिनमें 111 गांव बीना तहसील और 54 गांव खुरई तहसील के शामिल हैं। विधायक सप्रे ने आगे कहा कि सिंचाई सुविधा मिलने से अब किसान केवल वर्षा पर निर्भर नहीं रहेंगे। वे साल में 2 से 3 फसलें ले सकेंगे। इससे न केवल उत्पादन बढ़ेगा, बल्कि किसानों की आमदनी में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी। यह परियोजना कृषि विकास, ग्रामीण रोजगार और आर्थिक मजबूती की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगी।

#### मुख्यमंत्री से रखी थी मांग

विधायक निर्मला सप्रे ने 9 सितंबर 2024 को मुख्यमंत्री मोहन यादव की सभा में बीना तहसील के 151 गांव को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने की मांग रखी थी। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मंच से ही इस मांग को स्वीकार करते हुए तत्काल घोषणा की थी। आज यह परियोजना उसी घोषणा का साकार रूप बन रही है। इस दौरान डॉ. नरेंद्र ठाकुर, राजेंद्र ठाकुर, रतन यादव, मुकेश जैन, नारायण यादव, शैलेश शाह, राजा बाबू यादव, श्रीकांत पटेल, अजवीर ठाकुर, सतीश ठाकुर, नटवर शास्त्री सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

---



## भारी वाहन मार्ग परिवर्तन मांग के लिए एसडीएम को दिया पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

नगर पालिका अध्यक्ष लता सकवार ने अनुभागीय अधिकारी को आवेदन पत्र देकर नगर में भारी वाहनों के मार्ग परिवर्तन की मांग की है। नपाध्यक्ष ने पत्र में उल्लेख किया है कि वर्तमान में भारी वाहन दिन के समय नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजर रहे हैं। जिससे आए दिन लगातार दुर्घटनाएं हो रही है। भारी वाहनों से किसी दिन कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है एवं यातायात जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही है।

नगर की आबादी अत्यधिक है और जहां बड़े वाहनों के आवागमन के कारण प्रमुख तिराहों एवं चौराहों पर यातायात प्रभावित होता है। उन्होंने बताया कि पूर्व में भी पत्र के माध्यम से नगर में भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाने की मांग की थी, भारी वाहनों के कारण नगर की सड़कों को भी नुकसान पहुंच रहा है। साथ ही वाहनों से निकलने वाले धुएं के कारण प्रदूषण बढ़ रहा है। जिससे नागरिकों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है और बीमारियों की संभावना बढ़ रही है।

नपाध्यक्ष लता सकवार ने पत्र से आग्रह किया है कि नगर में भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित किया जाए तथा उनके लिए वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किए जाएं। जिससे नगर की यातायात व्यवस्था सुगम, सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनी रहे तथा दुर्घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाई जा सके। एसडीएम को आवेदन देने वालों में जनपद अध्यक्ष उषा राय, मधुलिका यादव, जितेंद्र बोहरे, कैलाश कुशवाहा, नवीन साहू, दिनेश राय सहित अन्य जनप्रतिनिधि शामिल रहे।

---

## गर्ल्स कॉलेज में गूंजे संगीत के सुर, छात्राओं ने दी प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

गर्ल्स कॉलेज में मप्र शासन से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में संगीत विभाग के तत्वावधान में वंदे मातरम कार्यक्रम के अंतर्गत संगीत गायन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ चंदा रत्नाकर द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।



कार्यक्रम की शुरुआत में कॉलेज की छात्रा महक सोनी, अंजली साहू, रमा ओझा, महक राय और वेदिका पाठक ने वाद्ययंत्रों की संगत पर राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' का अत्यंत मधुर और भावपूर्ण गायन किया। छात्राओं की इस सामूहिक प्रस्तुति ने संपूर्ण वातावरण को देशभक्ति के रंग में सराबोर कर दिया। संगीत विभाग के यशवंत शर्मा ने इस अवसर पर छात्राओं को संगीत की बारीकियों से अवगत कराया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि संगीत केवल मनोरंजन का साधन नहीं है, बल्कि यह अनुशासन और साधना का मार्ग है। उन्होंने स्वर, लय और ताल के महत्व को समझाते हुए बताया कि निरंतर अभ्यास से ही गायन में शुद्धता और मिठास आती है। उन्होंने छात्राओं को भारतीय शास्त्रीय संगीत की समृद्ध परंपरा से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य डॉ. चंदा रत्नाकर ने छात्राओं के कौशल की सराहना करते हुए कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी के भीतर कोई न कोई रचनात्मक प्रतिभा छिपी होती है।

उन्होंने छात्राओं को प्रोत्साहित किया कि वे अपनी पढ़ाई के साथ-साथ संगीत जैसी ललित कलाओं को भी सीखें, क्योंकि संगीत आत्मा की भाषा है जो जीवन में सकारात्मकता का संचार करती है। कॉलेज प्रशासन द्वारा संगीत की प्रतिभाओं को हर संभव मंच प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम के समापन पर उक्त छात्राओं के साथ ही सभी मंचासीन एवं उपस्थित विद्वानों एवं छात्राओं द्वारा गौरवपूर्ण ढंग से 'मध्य प्रदेश गान' का गायन किया गया। कार्यक्रम का संचालन शुभम राठौर शोधार्थी हिन्दी विभाग द्वारा किया गया।

---



## नाबार्ड स्टैकहोडर मीट में हुए सत्यजीत सिंह सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

नाबार्ड द्वारा आयोजित नाबार्ड स्टैकहोडर मीट का आयोजन बुधवार को सागर में हुआ। जिसमें बैंक, शासकीय विभागों एवं गैर-सरकारी संगठनों के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। इस दौरान नवाचारों को प्रोत्साहित करने, कृषकों को शासकीय योजनाओं से प्रभावी रूप से जोड़ने तथा डब्लूडीआरए (वेयरहाउस डेवलपमेंट एंड रेगुलेटरी अथॉरिटी) के माध्यम से तकनीकी वेयर हाउसिंग के लाभ किसानों तक पहुंचाने में किए गए उल्लेखनीय प्रयासों के लिए बीना निवासी सत्यजीत सिंह ठाकुर को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला विकास प्रबंधक, नाबार्ड सागर अभिषेक कुमार घोष ने कहा कि वित्तीय समावेशन, क्रेडिट लिंकेज, आजीविका संवर्धन एवं एसएचजी-एफपीओ पहलों में जमीनी स्तर पर किए कार्य ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बना रहे हैं। सत्यजीत सिंह ठाकुर के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें अन्य क्षेत्रों के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया। कार्यक्रम का उद्देश्य विभिन्न हितधारकों के बीच समन्वय को मजबूत कर जिले में समावेशी एवं सतत ग्रामीण विकास को बढ़ावा रहा। लीड बैंक प्रबंधक सीपी सिंह, राष्ट्रीय आजीविका मिशन जिला प्रबंधक प्रभास मुडूटिया जिले के विभिन्न सहायता समूह उपस्थित रहे।

### महारानी लक्ष्मी स्वसहायता समूह अनुबंध समाप्त किया

**अशोकनगर।** अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) ईसागढ़ की अध्यक्षता में पीएम पोषण योजनांतर्गत अनुश्रवण समिति की बैठक में लिए गये निर्णय अनुसार ग्राम पंचायत सेमरखेडी के (गोविंदपुर) एकीकृत प्रा/मा विद्यालय में अनुवंधित महारानी लक्ष्मी स्व सहायता समूह का अनुबंध समाप्त की शाला प्रबंधन समिति एकीकृत मा विद्यालय सेमरीखेडी (गोविंदपुर) एवं शाला प्रबंधन समिति प्रा विद्यालय जनोदा को मध्यान्ह भोजन वितरण करने के लिए आदेशित किया गया है। एकीकृत प्रा एवं मा वि सेमरखेडी एवं प्रा विद्यालय कॉलोनी जनोदा में अनुवंधित स्व. सहायता समूह द्वारा शाला में नियमित रूप से मैन्यू अनुसार रूचि कर गुणवत्ता पूर्ण भोजन वितरण न करने के कारण शिकायत की गई थी।

## वॉलीबॉल में जीएनपीएस के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना



खेलो एमपी कार्यक्रम के अंतर्गत बीना ब्लॉक के जीएनपीएस विद्यालय के छात्रों ने उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन करते हुए जिला स्तर पर भी अपना दबदबा बनाए रखा। खेलो एमपी की शुरुआत में 15 जनवरी को बीना में ब्लॉक स्तरीय टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के बालक एवं बालिका वर्ग के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके पश्चात 18 जनवरी एवं 20 जनवरी को आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भी जीएनपीएस के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इस प्रतियोगिता में बालक वर्ग ने तृतीय स्थान तथा बालिका वर्ग ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं बीना ब्लॉक का नाम रोशन किया। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर विकास अग्रवाल, प्राचार्य शिखा अग्रवाल एवं एकेडमिक डायरेक्टर संतोष रजक ने उत्साहपूर्वक खिलाड़ियों एवं कोच गीतिश रैकवार, करतार यादव, कोमल पटेल और शिखा मिश्रा को बधाई दी।

---

### ग्राम सिकंदरा के आयोजन में चिकित्सीय सेवाएं देने वाले डॉक्टरों का किया गया सम्मान

# समाज सेवा के संकल्प से नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर





ग्राम सिकंदरा स्थित विकास नमकीन के गार्डन पर समाजसेवा एवं धार्मिक क्षेत्र में अग्रणी संस्था दिगंबर जैन सोशल ग्रुप शाश्वत के नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह एवं चातुर्मास के दौरान नगर में विराजमान प.पू निर्यापक मुनि पुंगव 108 श्री सुधासागर जी महाराज के सानिध्य में दिगंबर जैन पंचायत द्वारा आयोजित 32वे श्रावक संस्कार शिविर में अपनी चिकित्सीय सेवाएं देने वाले नगर के सभी डॉक्टरों का सम्मान किया गया।

इस कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करने सोशल ग्रुप फेडरेशन राष्ट्रीय कार्यकारिणी से मुख्य अतिथि के रूप में पारस मोनिका जैन, शपथ विधि अधिकारी के रूप में चंबल रीजन अध्यक्ष अनुपम- महिमा चैधरी, विशिष्ट अतिथि के रूप में रविन्द्र-सारिका जैन के. बी. तथा इनके साथ ग्रुप के परम संरक्षक एवं दिगंबर जैन पंचायत के पूर्व अध्यक्ष रमेश चैधरी संरक्षक व्याख्याता महेंद्र जैन कड़ेसरा, परामर्शदाता शिखर बड़कुल एवं जिले की लाइफ लाइन कहे जाने वाले जाने माने वरिष्ठ चिकित्सक डॉ डी.के जैन की महती उपस्थिति ने इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। ग्रुप के सभी सदस्यों ने कार्यक्रम में शिरकत करने आए सभी अतिथिगण का तिलक लगाकर पुष्पहार माला पहनाकर स्वागत किया। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम की तैयारी में ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष प्रसन्न महिदपुर के निर्देशन में एवं सभी सदस्यों की भागीदारी से कार्यक्रम में भव्यता प्रदान की गई। कार्यक्रम का आरंभ सर्वप्रथम बड़े बाबा आदिनाथ भगवान के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन करके व मंगलाचरण करके किया तत्पश्चात स्वागत नृत्य बिटिया मिहिका जैन द्वारा प्रस्तुत किया गया। शाश्वत ग्रुप के सदस्य एवं प्रोफेसर मोनेश एवं अनूप शिक्षक ने संबोधित किया।

#### बीते कार्यकाल की उपलब्धियां

ग्रुप के बीते 2 वर्ष के कार्यकाल की प्रमुख उपलब्धियों के विषय में तत्कालीन अध्यक्ष आदित्य जैन सैमसंग ने अपना ब्यौरा सभा पटल पर पेश किया जिसमें उन्होंने शाश्वत ग्रुप द्वारा किए गए सामाजिक एवं धार्मिक क्षेत्र में किए गए अपने कार्यों के अनुभव को साझा किया और सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए नई टीम को प्रेरित किया, वस्तुतः देखा जाए तो आदित्य के अध्यक्षीय कार्यकाल में ग्रुप ने एकाएक अनेक उपलब्धियों को प्राप्त किया है जिसमें धार्मिक एवं सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में किए गए कार्य, जैन समाज के विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों में सहयोग करना एवं सहभागी बनना, गरीब कल्याण के कार्य जैसे भोजन वितरण, शीत ऋतु में गरीबों और बच्चों को ऊनी वस्त्रों का वितरण, स्वास्थ्य कैंप लगाना, रेलवे स्टेशन पर ग्रीष्म कालीन शीतल जल वितरण में सहयोग, पर्यावरण संरक्षण की दिशा में पेड़ लगाना, अमृतम जलम अभियान जैसे सफाई अभियान में स्वयं सेवा के रूप में सहभागी बनना, मूक पशु एवं पक्षियों के सेवार्थ गौशाला में चारा मुहैया कराना व आर्थिक सहायता देना, महिला सशक्तीकरण की दिशा में महिला बिंग को सक्रिय और क्रियाशील बनाना, नए सदस्यों को संस्था की सदस्यता दिलवाना, श्रावक संस्कार शिविर में स्वास्थ्य शिविर का संचालन, रक्तदान शिविर का आयोजन आदि शामिल है

#### चिकित्सा टीम का सम्मान

इस वर्ष चातुर्मास के दौरान नगर में बिराजमान प.पू निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव 108 श्री सुधासागर जी महाराज के सानिध्य में दिगंबर जैन पंचायत द्वारा आयोजित 32वें श्रावक संस्कार शिविर में अपनी चिकित्सीय सेवाएं देने वाले नगर के सभी चिकित्सक डॉक्टर्स टीम एवं सभी चिकित्सा शिविर के सहयोगियों का सम्मान किया जिनमें डॉक्टर्स टीम में डॉ डी.के जैन, डॉ दीपक जैन, डॉ पंकज जैन, डॉ शुभम जैन, डॉ अभिषेक सिंघई, डॉ अविनाश जैन गोलू, डॉ सुरेन्द्र जैन, डॉ रक्षेंद्र जैन, वैध ओमप्रकाश शर्मा, प्रकाश जैन शामिल रहे। वही मेडिकल/दवा प्रदाता सहयोगियों में विनोद जैन राजू मेडिकल, राजकमल जैन गौतम मेडिकल,नीरज बंसल बंसल मेडिकल, सुलभ जैन नित्या मेडिकल,सुमत जैन पारस मेडिकल। और विशेष सहयोगी में अजयकांत जैन, आशीष जैन, रिस्सू विवेक जैन, आदि का सम्मान कर उन्हें शाश्वत सम्मान प्रतीक चिन्ह भेंट स्वरूप दिया गया।

#### नई कार्यकारिणी ने शपथ ली

ग्रुप संविधान के प्रति निष्ठा समाज सेवा के प्रति सेवा संकल्प के साथ नवीन कार्यकारिणी टीम ने शपथ ली जिसमें अध्यक्ष राजीव मनीषा जैन ठेकेदार, सचिव गौरव नेहा जैन कोषाध्यक्ष राकेश-नेहा जैन के साथ कार्यकारी अध्यक्ष शैलेश-नीतू जैन, उपाध्यक्ष सुधीर- श्वेता जैन आयरन, उपाध्यक्ष मनीष-नीतम जैन, पी.ओ. सह सचिव- मनीष जैन बंगला चैराहा, सह कोषाध्यक्ष राजीव जैन पारस, सांस्कृतिक सचिव राकेश जैन आम्रपाली, सह सांस्कृतिक सचिव महावीर जैन रानू, मंच संचालन-प्रो.मोनेश जैन संगठन सचिव रूपेश जैन, सह संगठन सचिव-नीरज कांसल मीडिया प्रभारी अरविंद जैन पत्रिका, ऑडिटर अनूप जैन, स्वास्थ्य संयोजक-डॉ दीपक जैन, सह स्वास्थ संयोजक अजयकांत जैन, संचालक मंडल सदस्यों में क्रमशः- सीमेंद्र जैन अखाई, नीरज बंसल, अतुल बंसल और आदित्य जैन सैमसंग रहे ,वही प्रचार सचिव के रूप में सौरभ सिंघई, सह प्रचार सचिव के रूप में आशु जैन गुरहा ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली।

#### नए सदस्यों का समावेश

शपथ ग्रहण समारोह एवं सम्मान समारोह के अवसर पर संस्था की रीति नीति एवं सामाजिक क्षेत्र में किए गए कार्यों की कुशलता से प्रभावित होकर शाश्वत ग्रुप में 4 नए सदस्य ग्रुप में शामिल हुए, जिनमें विकास जैन नमकीन, डॉ पंकज जैन, सचिन जैन, रीतेश बजाज शामिल है, सभी नए सदस्यों का शपथ विधि अधिकारी ने शपथ ग्रहण कराया एवं बैज लगाकर उन्हें विधिवत रूप से ग्रुप की सदस्यता प्रदान कराई।